mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-155 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

07 जून 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



धवन ने गर्लफ्रेंड...

@ पेज 7



# ‘हम कोई संदेश नहीं देंगे सीधे खबर देंगे’

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (UBT) और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (MNS) के बीच गठबंधन की सुगबुगाहट के बीच शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गठबंधन की संभावनाओं के बारे

● **गठबंधन की संभावना पर उद्धव ठाकरे का बड़ा बयान**

में पूछे जाने पर कहा कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी वही होगा, हम कोई संदेश नहीं देंगे सीधे खबर देंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा बदलाव होने के आसार नजर आ हैं। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में यहां भारतीय जनता पार्टी सबसे ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रही थी और ठाकरे परिवार बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाया था। ऐसे में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ नजर आ सकते हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी के नेता लगातार दोनों नेताओं के साथ आने को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब उद्धव ठाकरे का भी बयान सामने आया है।


इससे पहले राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के साथ आने के सवाल पर कहा कि राज और उद्धव दोनों भाई आपस में बात करेंगे तभी बात बनेगी। दोनों एक दूसरे को फोन कर बात करें तभी गठबंधन संभव है। मीडिया में बयानबाजी से काम नहीं होगा। अमित ठाकरे ने कहा ÷आप जो दो भाई की बात कर रहे हैं, मेरा कहना इतना ही है कि उन दोनों भाइयों को एक दूसरे को कॉल करना चाहिए। मेरे कहने से कुछ नहीं होगा। दोनों साथ आते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। 2014/2017 और कोविड के समय में दोनों साथ आ चुके हैं। हमने देखा कि राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को फोन किया था और कहा था कोविड जैसी भीषण विपदा में हम सरकार के साथ हैं। इसलिए उन दोनों को बातचीत करनी चाहिए। मीडिया के सामने बयानबाजी करने से गठबंधन नहीं होता है। दोनों के पास एक दूसरे के फोन नम्बर हैं, दोनों बात करें।÷

वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के नेता प्रकाश महाजन ने कहा कि अगर शिवसेना (UBT) दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर वाकई गंभीर है तो उसके नेता आदित्य ठाकरे को आगे आकर राज ठाकरे से मिलना चाहिए। महाजन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता वाली शिवसेना यूबीटी में ‘‘उचित’’ कद के किसी नेता को संभावित गठबंधन पर चर्चा के लिए मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के पास जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी जूनियर नेता को बातचीत के लिए भेजा जाता है तो राज ठाकरे भी किसी जूनियर पदाधिकारी को भेजेंगे। उन्होंने कहा, अगर गठबंधन करना है तो आदित्य ठाकरे को आगे आना चाहिए और राज साहेब के विचारों को समझना चाहिए। अगर आदित्य ठाकरे बातचीत के लिए आगे आते हैं तो दोनों पक्ष गंभीरता को समझेंगे। मराठी लोगों में एक साथ आने की भावना है।’’इसकी शुरुआत आदित्य ठाकरे के बयान से हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी ने पीएम मोदी को जी-7 में शामिल होने का दिया आमंत्रण

**नई दिल्ली/ ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन करके पीएम मोदी को जी-7 के आमंत्रण दिया है। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है। पीएम मोदी ने लिखा, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का फोन कॉल प्राप्त कर प्रसन्नता हुई। हालिया चुनावी जीत पर उन्हें बधाई दी और इस महीने कनानास्किस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। भारत और कनाडा जीवंत लोकतंत्र हैं जो गहरे जन-से-जन संबंधों से जुड़े हुए हैं। हम आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नई ऊर्जा के साथ मिलकर काम करेंगे। शिखर सम्मेलन में



हमारी आगामी मुलाकात की प्रतीक्षा है। कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस पहल से भारत-कनाडा के तनावपूर्ण रिश्तों में सुधार की उम्मीद जाग गई है। बता दें कि कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में नई दिल्ली और ओटावा के रिश्ते बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। कनाडा के तत्कालीन पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मनगढ़ंत आरोप लगाया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। इसके बाद से भारत और कनाडा के रिश्ते बहुत अधिक बिगड़ गए। भारत और कनाडा ने एक दूसरे देश के राजनयिकों को अपने-अपने देश से निष्कासित कर दिया। इसके साथ ही एक दूसरे देशों के साथ कई तरह के अन्य संबंधों को भी तोड़ लिया।

### नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी अरेस्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं,



लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के ज़रिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए।जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकर्ताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत की गई।

## आईएएस नियाज खान की पोस्ट पर मचा बवाल, मुस्लिम संगठनों में नाराजगी



**भोपाल (एजेंसी)।** एमपी के सीनियर मुस्लिम IAS नियाज खान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कुछ पोस्ट की हैं, जिन्हें लेकर बवाल मच गया है। दरअसल, नियाज खान ने बकरीद पर बकरों की कुर्बानी रोकने के लेकर पोस्ट की थी। अब उनके इस पोस्ट पर मुस्लिम समाज में नाराजगी है। मप्र कैडर के सीनियर आईएएस नियाज खान ने ङ्ग पर लिखा, ÷पशुओं का खून बहाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं, पेड़-पौधे, जीव सबकी रक्षा होनी चाहिए। नियाज खान ने कहा कि मैंने पर्यावरण दिवस के मौके पर्यावरण के संदर्भ में X पर पोस्ट किया था। उन्होंने कहा कि धरती के पर्यावरण का सत्यानाश हो रहा है। मेरा उद्देश्य कुर्बानी को ध्यान में न रखते हुए पर्यावरण को ध्यान में रखना है।नियाज खान ने कहा, आज पर्यावरण दिवस में बहुत कम लोग जानते हैं कि मांसाहार, पर्यावरण को बर्बाद करता है। दुनिया में एक दिन में करीब 3 करोड़ जानवर काटे जाते हैं और मुर्गी वगैरा तो अरबों में कटती होंगी। इसके खाने के बाद जो ग्रीनहाउस गैस निकलती है, मेथेन है, $CO_2$ वगैरा है, इसी से टेंपरेचर गर्म हो रहा है। धरती का पर्यावरण का सत्यानाश हो रहा है। मेरा उद्देश्य कुर्बानी को ध्यान में न रखते हुए पर्यावरण को ध्यान में रखना है। मैंने ट्वीट किया था यदि हम मांस नहीं खाएंगे, शाकाहार रहेंगे तो धरती का टेंपरेचर कम रहेगा। धरती हमारे रहने लायक हो जाएगी। मैं तो बचपन से शाकाहार हूं और बचपन से शाकाहारी का प्रचार करता हूं।

**6 महीने में सभी वक़्फ़ संपत्तियों को इसमें दर्ज कराना होगा**

## किरेन रिजिजू ने वक्फ को लेकर MEED पोर्टल किया लॉन्च

**दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक़्फ़ को लेकर 'UMEED' पोर्टल को लॉन्च कर दिया है। नए वक़्फ़ क़ानून के मुताबिक, 6 महीने में सभी वक़्फ़ संपत्तियों को इसमें दर्ज कराना होगा। ये पोर्टल NIFIED WAQF MANAGMENT, EMPOWERMENT, EFFICIANCY AND DEVELOPMENT ACT 1995 के तहत बनाया गया है। पोर्टल में मोबाइल और ईमेल ID के जरिए इसका वेरिफिकेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए तीन लेयर बनाई गई हैं। इसमें मेकर, चेकर और अप्रूवल है। मेकर वक्फ प्रॉपर्टी का मुतावल्ली होगा, जिसे राज्यों या केंद्र शासित प्रदेश (UT) के वक्फ बोर्ड तय करेगा।

इसमें चेकर जिला स्तर के अधिकारी होंगे। इसे वक़्फ़ बोर्ड अधिकृत करेगा। प्रॉपर्टी का वेरिफिकेशन CEO या बोर्ड द्वारा अधिकृत अधिकारी अप्रूव करेंगे।

UMEED पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, मैं MEED पोर्टल




लांच करने पर सभी वक़्फ़ से जुड़े मुसलमानों को बधाई देना चाहता हूं। ये कोई मामूली कदम नहीं है बल्कि ये हजारों जिंदगियों को फायदा पहुंचाने का काम है।

रिजिजू ने आगे कहा, हमने सबसे चर्चा की है। दोनों सदनों में खूब चर्चा हुई है। इसके बाद ही ये एक्ट बना है। हमने कहा था हम देर नहीं करेंगे इसको आगे ले जाएंगे। हम वही कर रहे हैं। अगले 6 महीनों में संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन होगा। सबको इसका फायदा मिलेगा।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा, महिलाओं और यतीम मुसलमानों (अनाथ मुस्लिम बच्चों) को इसका फायदा होगा। 9 लाख प्रॉपर्टी देशभर में हैं। अब देखना होगा कितना रजिस्ट्रेशन होगा? मैं राज्य सरकारों और राज्य वक़्फ़ बोर्ड से भी कहूंगा, वो तय समय पर अपना काम पूरा करें।

## दिल्ली की सीएम को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। यहां दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल करके सीएम को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने बताया कि देर रात गाजियाबाद पुलिस को PCR कॉल की गई थी। बताया जा रहा है कि देर रात 11 बजे आरोपी की कॉल आई थी, जिसके बाद गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को इसकी जानकारी दी। फिलहाल आरोपी की फोन बंद है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।दरअसल, बीती रात गाजियाबाद पुलिस की पीसीआर पर एक शख्स ने कॉल किया। कॉलर ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद देर रात को ही गाजियाबाद पुलिस से इसकी सूचना उत्तर पश्चिम जिला पुलिस को दी। इस घटना के बाद से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कॉलर को दोबारा कॉल करने की कोशिश की, लेकिन जिस नंबर से कॉल किया गया, वह फिलहाल बंद है। वहीं अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए फिलहाल गाजियाबाद और दिल्ली की पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



## KSCA ने हाई कोर्ट में की अपील, कहा- ‘गिरफ्तारी पर रोक लगाएं’

**बेंगलुरु में बुधवार को मची भगदड़ और 11 लोगों की मौत का मामला**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में बुधवार को मची भगदड़ और 11 लोगों की मौत के बाद कार्रवाई का दौर शुरू हो चुका है। पुलिस ने RCB फ्रेंचाइज, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) और डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और इनके प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी शुरू कर दी है। हालांकि, इस गिरफ्तारी की कार्रवाई के खिलाफ ्यस्ष्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है जहां से उसे बड़ी राहत मिली है। KSCA ने गिरफ्तारी की कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की थी जिस पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है और जांच के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।



याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पूछा कि इस मामले में अब तक कितनी FIR हुई हैं। इस पर राज्य सरकार के महाधिवक्ता किरण शेट्टी ने कोर्ट को जानकारी दी कि एक जांच CID कर रही है। उन्होंने कोर्ट को ये भी बताया कि इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच भी जारी है और जांच के लिए रिटायर्ड जज माइकल कुन्हा को भी नियुक्त किया गया है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया है कि इस मामले में मजिस्ट्रियल जांच और माइकल कुन्हा की जांच में गिरफ्तारी की कोई संभावना नहीं है। CID की ओर से की जा रही जांच में गिरफ्तारी की जा सकती है।

## सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव को हटाया

**विपक्षी दल लगातार सिद्धारमैया सरकार पर सवाल खड़े कर रहे**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में बीते बुधवार को मची भगदड़ के बाद से लगातार राजनीतिक हंगामा जारी है। भाजपा और अन्य विपक्षी दल लगातार सिद्धारमैया सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस बीच सीएम सिद्धारमैया ने कई पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। अब शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई की गई है। कर्नाटक सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, के. गोविंद राज को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि, ये अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये कार्रवाई बेंगलुरु भगदड़ के मामले में की गई है या किसी अन्य मामले में।

गोविंद राज लंबे समय से सीएम सिद्धारमैया के पॉलिटिकल एडवाइजर थे। माना जा रहा है कि गोविंद राजू RCB की जीत के जश्न के आयोजन को करवाने और विभिन्न विभागों में समन्वय करवाने की भूमिका में थे। ऐसा माना जा रहा है कि



उन्हीं की सलाह पर सीएम सिद्धारमैया RCB के इस इवेंट में शामिल हुए थे। IPL 2025 में RCB की जीत के बाद आयोजित समारोह के दौरान बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर बुधवार को भगदड़ गई थी। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में RCB फ्रेंचाइजी, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने इस मामले में RCB और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

इससे पहले गुरुवार की शाम सीएम सिद्धारमैया ने घोषणा की थी कि बेंगलुरु भगदड़ के मामले में प्रथम दृष्ट्या लापरवाही और गैरजिम्मेदारी देखे जाने के आरोप में कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस ऑफिसर, एसीपी, सेंट्रल डिवीजन डीसीपी, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर, पुलिस कमिश्नर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद को निलिबंत किए जाने के बाद वरिष्ठ IPS सीमांत कुमार सिंह को बेंगलुरु का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। सरकार की ओर से जारी एक नोटिफिकेशन में ये जानकारी दी गई है। बी दयानंद को काम में लापरवाही के आरोप में सस्पेंड किया गया है।

## कमल हासन ने राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन

**सीएम स्टालिन भी रहे मौजूद**

**चेन्नई (एजेंसी)।** मशहूर एक्टर और मक्कल निधि मय्यम (MNM) प्रमुख कमल हासन ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी कमल हासन के नामांकन के दौरान मौजूद रहे। बता दें कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में डीएमके के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक को MNM ने समर्थन दिया था। इसके बाद डीएमके ने MNM को एक राज्यसभा सीट आवंटित की थी, जिस पर यह नामांकन हुआ है। कमल हासन के नामांकन से डीएमके का बदले में राज्यसभा सीट देने का वादा पूरा हो गया है।

तमिलनाडु के सीएम और डीएमके के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने कहा कि कमल हासन की पार्टी MNM को एक सीट देने का फैसला लिया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच समझौता हुआ था। डीएमके ने राज्यसभा के लिए बाकी के तीन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इसमें पार्टी ने पी विल्सन, सलमा और एसआर शिवलिंगम को राज्यसभा में भेजने का फैसला लिया है। जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु के छह सदस्य अंबुमणि रामदास (पट्टाली मक्कल काची), एन चंद्रशेखरन (आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम), एम षणमुगम (द्रविड़ मुनेत्र कषगम), पी विल्सन (द्रमुक) और वाइको (मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम) का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।



बता दें कि चुनाव आयोग ने हाल ही में राज्यसभा की आठ सीटों के लिए चुनाव कराए जाने की घोषणा की। ये द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को कराए जाएंगे। इसमें दो राज्यों असम और तमिलनाडू की आठ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव होने हैं। बता दें कि आठ सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। ऐसे में इन सभी आठ सीटों के लिए मतदान कराए जाएंगे। वहीं मतों की गणना भी 19 जून की शाम को ही कराई जाएगी। बता दें कि इसमें असम की दो सीटों और तमिलनाडु की छह सीटों पर मतदान कराए जाने हैं।

## राजस्थान के बकरे यूएई में होंगे कुर्बान, जयपुर से फ्लाइट से भेजे गए विदेश

**जयपुर (एजेंसी)।** ईद-अल-अज़हा (बकरीद) का पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इस बीच, राजस्थान के बकरों की मांग काफी बढ़ गई है। पिछले 10 दिनों में जयपुर से यूएई के रस अल खैमाह तक लगभग 9,350 बकरों को हवाई मार्ग से पहुंचाया गया है, जो त्योहारी सीजन के दौरान राजस्थानी नस्लों की उच्च मांग को दर्शाता है। यूएई के कई शहरों में बकरीद के मौके पर राजस्थान के बकरों की बलि दी जाएगी। राजस्थान से बड़ी संख्या में निर्यात किए गए बकरों में तीन प्रमुख नस्लें हैं। ये शेखावाटी, सिरोही और बीकानेर जिले की हैं। खाड़ी देशों में इन नस्लों की गुणवत्ता और स्वास्थ्य के कारण उच्च मांग है। निर्यात का बड़ा हिस्सा भविष्य में राजस्थान के बकरों को प्रमुख निर्यातकों में से एक बनने की क्षमता को दर्शाता है।विशेष रूप से प्रत्येक कार्गो फ्लाइट में 450 से 950 बकरों को यूएई ले जाया गया है। इनमें से प्रत्येक बकरे का वजन 500 किलोग्राम से 15,000 किलोग्राम के बीच है। पहली खेप 1 मई, 2025 को रवाना हुई, जो इस साल की निर्यात गतिविधियों की शुरुआत को चिह्नित करती है।



## विकसित कृषि संकल्प अभियान के संचालन में नहीं छोड़े कोई कसर-कृषि मंत्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंसाना ने कहा कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिकाधिक कृषकों तक शासन की योजनाओं और नवाचारों की जानकारी पहुंचे और वे लाभान्वित हो सकें।मंत्री श्री कंषाना ने यह बात समीक्षा बैठक के दौरान कही। कृषि मंत्री श्री कंसाना ने बताया कि यह अभियान29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तकसंचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उन्नत कृषि तकनीकों, नवीन किस्मों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक करना है। इसके माध्यम से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, और नई कृषि तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंत्री श्री कंसाना ने कहा कि यह अभियान किसानों की आय में वृद्धि, खेती को लाभकारी बनाने और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करें। अभियान के अंतर्गत कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन कृषि विज्ञान केंद्र संस्थानों एवं इफको द्वारा किया जा रहा है। आईसीटी माध्यमों से किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वैज्ञानिक, कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभागों के अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ, एफआईजी, तथा स्व-सहायता समूहों के सदस्य अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। बैठक में कृषि सचिव श्री एम. सेलवेन्द्रन, कृषि संचालक श्री अजय गुप्ता, उप संचालक श्रीमती रश्मि बर्गीस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पचमढ़ी सिल्क-टेक पार्क को प्रोजेक्ट मोड में विकसित किया जाए - राज्य मंत्री श्री जायसवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पचमढ़ी सिल्क टेक पार्क को प्रोजेक्ट मोड में विकसित करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री जायसवाल सिल्क-टेक पार्क पचमढ़ी का भ्रमण कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक सिल्क शोरूम व मूंगा रेशम उत्पादन की गतिविधियों और प्रदेश के एकमात्र रेशम बीज उत्पादन केन्द्र की गतिविधियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी और राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती राधारानी सिंह ने भी रेशम केन्द्र तथा प्राकृत शोरूम पचमढ़ी का भ्रमण किया। पचमढ़ी प्रदेश का एकमात्र केन्द्र है जहां चारों प्रकार का रेशम होता है। मंत्री श्री जायसवाल ने बिक्री बढ़ाने के लिए प्राकृत सिल्क शोरूम को फॉरेस्ट के टूरिज्म सर्किट से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेशम उद्योग को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से पचमढ़ी रेशम केंद्र को और अधिक विकसित करने के निर्देश दिए हैं जिससे पचमढ़ी का रेशम देशभर में जाना जाये। केन्द्र के विकसित होने से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## 4 वन्य-जीव के शिकार में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल को मिली सूचना के आधार पर शिवपुरी एवं वन मण्डल श्योपुर द्वारा संयुक्त रूप से जिला श्योपुर में अलग-अलग स्थानों पर दल बनाकर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश-राजस्थान में वन्य-जीव का शिकार कर उसके अवयवों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह के 3 आरोपी दौजी भील, सुनीता दौजी निवासी ग्राम खोहरा जिला दौसा राजस्थान और बेस्ता भील निवासी नयागाँव कराहल जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया।

# सिकल सेल रोग अनुसंधान के लिए चिकित्सक आगे आएं: राज्यपाल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में शोध और अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों के द्वारा रोग उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे वनों में प्रचुर मात्रा में जड़ी-बूटियां उपलब्ध है। आवश्यकता शोध और अनुसंधान के द्वारा उनकी उनकी उपयोगिता के प्रमाणीकरण की है। राज्यपाल श्री पटेल गांधी मेडिकल कॉलेज में आयोजित सिकलसेल सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन गांधी मेडिकल कॉलेज की एलुमिनाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद रहे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल के उन्मूलन प्रयासों के लिए सबके साथ और सबके प्रयासों की एकजुट आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर सिकल सेल की जागरुकता में सक्रिय सहभागिता करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ा टूल है। हम में से प्रत्येक व्यक्ति सिकल सेल के लक्षणों, उपचार और संभावनाओं के प्रति स्वयं जागरूक हो। फिर जागरूकता दूत के रूप में अपने आस-पास, और समुदाय को जागरूक करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नई पीढ़ी को सिकल सेल एनीमिया से बचाने के लिए वर-वधू शादी के पूर्व सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का मिलान ज़रूर करें। गर्भावस्था में जरूरी जाँचे कराए। संतान के जन्म के 72 घंटे के भीतर उनकी सिकल सेल एनीमिया की जाँच अवश्य करें। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों से आत्मीय मुलाक़ात की। उनकी कुशल क्षेम जानी। सभी को अच्छे ख़ान-पान, व्यायाम और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शहडोल से प्रारम्भ हुए सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के तहत प्रदेश सरकार के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिकल सेल जाँच की गहनता को बढ़ाने, प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रीनेटल टेस्टिंग के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। सांसद श्री आलोक शर्मा ने सिकल सेल उन्मूलन की प्रतिबद्धता के लिए केंद्रों एवं राज्य सरकार के सघन प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी और सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल का कार्यक्रम में पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटेल को सिकल सेल जागरूकता पर आधारित किताब और एच.पी.सी.एल. की डायग्नोस्टिक किट भेंट की गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल को एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा पौधे भेंट किए गए। उन्होंने इन पौधों को गांधी मेडिकल कॉलेज परिसर में रोपण के लिए दे दिया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता सिंह ने दिया। आयोजन समिति के सचिव डॉ. ललित श्रीवास्तव ने सिकल सेल एनीमिया सेंसेटाजेशन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। सिकल सेल उन्मूलन, शोध और रोकथाम प्रयासों में काम करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के विषय, विशेषज्ञों डॉ. राहुल भार्गव, डॉ. आर. के. निगम, डॉ. दानिश जावेद, एन.एच.एम. उप संचालक डॉ. रूबी खान ने जानकारी दी। कार्यक्रम में एलुमिनाई एसोसिएशन के पदाधिकारी, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक, शोधार्थी, विशेषज्ञ और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग-मंत्री श्री सिंह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के पर्यावरण हितैषी नवाचार एवं ग्रीन टेक्नोलॉजीस पर केंद्रित 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर गुरुवार को कार्यशाला हुई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक निर्माणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को अपनी कार्यप्रणाली में प्राथमिकता से शामिल करेगा। उन्होंने विभाग की




पर्यावरणीय सोच और भविष्य की कार्यनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग है।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण केवल एक नारा नहीं बल्कि विभाग की बुनियादी कार्यनीति है, जिसमें अब पर्यावरणीय संतुलन भी स्वाभाविक रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण अब हर अभियंता की जिम्मेदारी है। मंत्री श्री सिंह ने विभाग के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वैरैया के योगदान को रेखांकित किया।

## सुंदरलाल पटवा प्रशिक्षण संस्थान परिसर में हुआ पौध-रोपण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वूमन फॉर ट्री'' अभियान की शुरूआत हुई। आज से प्रारंभ हुए इस अभियान में आगामी वर्षाकाल में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक करोड़ पौधे लगाने का कार्यक्रम तय किया गया है। आज भोपाल के भौरी स्थित सुंदरलाल पटवा प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे ने पौध-रोपण किया। संचालनालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौध-रोपण किया। आयुक्त ने इस मौके पर कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छ और हरित वातावरण बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिये प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण न केवल हरियाली बढ़ाता है, बल्कि भावी पीढ़ी के लिये स्वच्छ पर्यावरण की नींव भी रखता है। आयुक्त एवं प्रबंध संचालक अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी श्री भोंडवे ने एमपी नगर स्थित अमरकंटक भवन में भी पौध-रोपण किया। प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलायी। पर्यावरण दिवस पर कम्पनी के कुछ अधिकारी-कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुँचे। प्रदेश में वूमन फॉर ट्री अभियान का दूसरा चरण आज से प्रारंभ हो गया। इस अभियान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नगरीय क्षेत्रों में सघन पौध-रोपण किया जा रहा है। यह अभियान स्वच्छ, हरा-भरा और सतत नगरीय पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

एक पेड़ माँ के नाम'' की भावना से प्रेरित यह अभियान महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक जागरूकता का भी माध्यम बन रहा है। वूमन फॉर ट्री अभियान केवल पौध-रोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन और हरित नगरीय विकास की दिशा में एक समर्पित प्रयास है। वूमेन फॉर ट्री अभियान में नगरीय क्षेत्रों में लगाये जाने वाले पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी जायेगी। आज प्रदेश में प्रारंभिक तौर पर करीब 6500 पौधे सामूहिक भागीदारी से रोपे गये। यह अभियान 31 अगस्त तक पूरी गति से चलेगा।

## पारदर्शी तरीके से अनुज्ञा जारी करने के लिये ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान सिस्टम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में 413 नगरीय निकायों में यूनिफॉर्म एवं पारदर्शी तरीके भवन अनुज्ञा जारी करने के लिये ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रुवल सिस्टम (एबीपीएएस) लागू किया गया है। एबीपीएएस के अंतर्गत निकाय कार्यालय में उपस्थित हुए बिना ही भवन अनुज्ञा प्राप्त किये जाने के लिये आवेदन ऑनलाइन स्वीकृत किये जाने की व्यवस्था की गई है। यह संपूर्ण प्रक्रिया बिना किसी मानव हस्तक्षेप के ऑटोमेटेड प्रोसेस से ही की जाती है। यहाँ तक की बिल्डिंग इस्पेक्टर द्वारा स्थल निरीक्षण के समय में भी मोबाइल ऐप द्वारा ही जानकारी प्राप्त कर सिस्टम में अपलोड कर दी जाती है। अब तक करीब 3 लाख 50 हजार भवन अनुज्ञाएँ ऑनलाइन माध्यम से स्वीकृत की गई हैं। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान सिस्टम नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा तैयार किया गया है। प्रदेश की 413 नगरीय निकायों में भूमि विकास नियम में दिये गये प्रावधानों के अनुसार ऑनलाइन कम्पाउंडिंग (प्रशमन) लागू किया गया है। ऑनलाइन कम्पांउडिंग प्राणाली में शुल्क भी सिस्टम के द्वारा ऑटोमेटिक जनरेट किया जाता है एवं शुल्क के लिये सभी ऑनलाइन भुगतान विकल्प का उपयोग किया जाता है। ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रुवल सिस्टम में नागरिक स्वयं प्लिंथ प्रमाण पत्र, सेवा प्रमाण पत्र, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र और अधिभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा प्राप्त कर सकते है। भवन अनुज्ञा के लिये अनिवार्य दस्तावेजों की संख्या 16 से घटा कर 5 और साइट निरीक्षण चेक लिस्ट बिंदुओं को भी 43 से घटा कर 26 कर दिया गया है। फीस मेमों सिस्टम द्वारा स्वतः ही शुल्क जनरेट किया जाता है। शुल्क भुगतान के लिये सभी प्रकार के ऑनलाइन माध्यम स्वीकार किये जाते है। राज्य शासन द्वारा भवन अनुज्ञा प्रक्रिया के सरलीकरण के लिये अधिकारिता रखने वाले प्राधिकारी और संरचना इंजीनियर को 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल के भू-खंडों पर भवन अनुज्ञा जारी किये जाने की शक्तियाँ प्रदान की गई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने किया वृक्षारोपण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को मत्स्यपालन एवं मछुआ कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने म.प्र. मत्स्य महासंघ (सह.) मर्यादित एवं संचालनालय मत्स्योद्योग परिसर, भोपाल में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री पंवार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में विशेष रूप से सिंदूर का पौधा भी रोपित किया गया। मंत्री श्री पवार ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण, सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है! पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन हम सभी की सामाजिक, नैतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। मंत्री श्री पंवार ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान से जुड़ें और अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने आहवान किया कि अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा बनाएं।

# सहकारिता विभाग पूरी प्लानिंग के साथ सोसायटी और परिसरों में लगाये पौधे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारिता विभाग पूरी प्लानिंग के साथ हर सोसायटी और विभागीय परिसरों में पौधरोपण करें। उन्होंने इसके लिये राज्य संघ और बीज संघ को इसकी जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन और छायादार सहित उपयोगी प्रजाति के पौधो का रोपण किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मास्टर प्लान इस तरह का हो कि संरक्षण और संवर्धन के साथ साल भर में लाखों पौधे लगे। मंत्री श्री सारंग ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत अपेक्स बैंक परिसर में अशोक का पौधा रोपा। अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल ने भी पौधरोपण किया।




मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण-संवर्धन करना और आगे आने वाली पीढ़ी को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी संस्कृति, सनातन, दर्शन, धर्म, विचार सब पर्यावरण से जुडा हुआ है। पर्यावरण का अर्थ है पेड़, पौधे, पहाड, नदियाँ और ईको सिस्टम से मनुष्य पशु-पक्षी सब जुडें हैं। भारतीय संस्कृति नदी को वॉटर बॉडी नहीं मानती, हमारा अध्यात्म दर्शन नदी को माँ मानता है। नर्मदा मैया और गंगा मैया की हम अर्चना करते है, पर्वत को भगवान स्वरूप पूजते है। गोवर्धन पर्वत और कामतानाथ जी की हम परिक्रमा करते है। महिलाएँ साल भर में 5-6 ऐसे त्यौहार मनाती है जिसमें पेड़ों की परिक्रमा की जाती है। हरतालिका तीज जैसे त्यौहारों का विशेष महत्व है। यही नहीं भगवान का वाहन पशु-पक्षी हैं। शिवजी जहां एक ओर नाग को धारण किये है वहीं जटाओं के जरिये माँ गंगा को पृथ्वी पर लाये है। हमारा पूरा दर्शन, सनातन, धर्म, विचार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास की बात की तो विरासत को साथ लेकर चलने की बात की।

# मध्यप्रदेश की टूरिज्म पॉलिसी निवेशकों के अनुकुल है : प्र्रमुख सचिव शु ला

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश की टूरिज्म पॉलिसी एवं वातावरण निवेशकों के अनुकूल है। उज्जैन नगरी हार्ट ऑफ स्पिरिचुअल इंडिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने टूरिज्म पॉलिसी 2025 लागू की है। इसके तहत 10 से 30 प्रकार की अनुमतियां ऑनलाईन समय-सीमा में उपलब्ध कराई जा रही है। पर्यटन के क्षेत्र में हॉटल, रिसॉर्ट, और अन्य प्रकार की पर्यटन सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूंजी-निवेश पर 15 से 30 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। निवेशक स्पिरिचुअल एवं वेलनेस के क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आएं, उन्हें शासन द्वारा हर संभव सुविधाएँ उपलब्ध कराई



जाएंगी। यह बात प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने गुरूवार को उज्जैन में स्पिरिचुअल एण्ड वेलनेस समिट-2025 में पैनल डिस्कशन सत्र को संबोधित करते हुए कही। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम एवं आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में इस स्पिरिचुअल एण्ड वेलनेस समिट-2025 के दौरान दो सत्रों में पैनल डिस्कशन हुआ। जिसमें विषय विशेषज्ञों ने सार्थक चर्चा की। प्रथम सत्र के पैनल डिस्कशन में योगा निसर्ग एण्ड वैदिक योगा स्कुल के संस्थापक स्वामी चैतन्य हरी जी, एवीएन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रमेश वारियर, अपोलो आयुर्वेद पोजेक्ट लीडर डॉ. मेघा केएल, लाईसॉर होटल्स के डायरेक्टर श्री मुकुन्द प्रसाद, इकोनोमिक्स टाईम्स की एडिटर सुश्री दीपशिखा, प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन तथा आनंद विभाग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने भाग लिया।

## प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है,कुछ प्रेस संगठनों द्वारा प्रेस-परिषद शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है।

इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है। सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषदशब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7 का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सचिवालय ने %प्रेस-काउंसिल% अथवा भारतीय प्रेस परिषदशब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है।


## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साइकिल रैली में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे, एनसीसी के छात्र-छात्रायें एवं यूथ हॉस्टल के सदस्यगण शामिल हुए।

यूथ हॉस्टल द्वारा साइकिल रैली का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर के हृदय स्थल महाराज बाड़े से किया गया। इस मौके पर पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, संस्था के संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, संस्था के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र माहौर सहित डीआईजी श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए।

साइकिल रैली सराफा बाजार, गश्त का ताजिया, फालका बाजार, गुरुद्वारा, जयेन्द्रगंज होकर फ्लैग प्वॉइंट थीम रोड पहुँची। रैली के समापन अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रतिभागियों को 250 पौधे एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

## चिन्हित दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग , एलिम्को एवं जिला पुनर्वास केन्द्र रीवा के सौजन्य से दिनांक 08 जून 2025 को उपकरण वितरण शिविर आयोजन त्योंथर के एकमात्र शासकीय स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय त्योंथर में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा और त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज होंगे।मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रवीण बसोड के द्वारा शिविर स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सभी चिन्हित दिव्यांगजनों को सभी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के माध्यम से उपस्थित कराने के निर्देश दिए वही चिन्हित दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अरविन्द तिवारी ने आमंत्रण पत्र देकर शिविर में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

वहीं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अरविंद तिवारी ने बताया शिविर में जनपद पंचायत त्योंथर, जनपद पंचायत जवा, नगर परिषद त्योंथर एवं नगर परिषद चाकघाट के दिव्यांग जन लाभान्वित होंगे जिसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है

## जनजातीय कार्य विभाग के अधीक्षक एवं विशिष्ट संस्थाओं के प्राचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कमिश्नर रीवा संभाग रीवा श्री बीएस जामोद एवं कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अमरवाह सीधी में दिनांक 05.06.2025 को संभागीय उपायुक्त अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विभाग संभाग शहडोल एवं रीवा की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संभागीय उपायुक्त डॉ ऊषा अजय सिंह के साथ जनजातीय कार्य विभाग सीधी के सहायक आयुक्त श्री निवास द्विवेदी, क्षेत्र संयोजक रीवा रूचि तिवारी एवं मंडल संयोजक सीधी बृजेन्द्र कुमार बुनकर, विशिष्ट संस्थाओं एकलव्य माडल स्कूल कुसमी, कन्या शिक्षा परिसर अमरवाह एवं कुसमी, माडल आवासीय स्कूल चुरहट के प्राचार्य, समस्त छात्रावास एवं आश्रम शालाओं के अधीक्षक तथा अधीक्षिका उपस्थित हुये।

आयोजित कार्यशाला में जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल के द्वारा संचालित एमपीटास पोर्टल पर प्रीमैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति/आवास सहायता आदि, पोर्टल पर संचालित योजनाओं, विशिष्ट विद्यालयों एवं छात्रावास/आश्रम में संधारित किये जाने वाले अभिलेख पंजी के संधारण, विशिष्ट विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता, सामग्री का रख-रखाव एवं भवन का सुव्यवस्थित रख-रखाव, विशिष्ट विद्यालयों एवं छात्रावास/आश्रमों में छात्र/छात्राओं के सुरक्षा व्यवस्था एवं देखभाल, विशिष्ट विद्यालयों एवं छात्रावास/आश्रम शालाओं में छात्र/छात्राओं के संबंध में पास्को एक्ट, आर.टी.आई. एवं नशा मुक्ति, विशिष्ट विद्यालयों एवं छात्रावास/आश्रम शालाओं में परिसर के अन्दर बागवानी, खेलकूद के साथ-साथ छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विशिष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं छात्रावास/आश्रम के अधीक्षकों से कार्यशाला आयोजित होने के पश्चात प्रश्न उत्तरीय, समस्या निवारण एवं फीड बैक लिये जाने पर चर्चा की गई।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन मे सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला सीधी के द्वारा उपस्थित संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास रीवा संभाग रीवा, विशिष्ट संस्थाओं के प्राचार्य एवं छात्रावास/आश्रमों के अधीक्षक को कार्यर म को सफल बनाने के लिये आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यशाला को समाप्त किया गया।

## उमंग दिशा एवं विकास डे केयर सेंटर में किया गया वृक्षारोपण




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय न्यास द्वारा पंजीकृत एवं वित्त पोषित संस्थान राजरानी सेवा शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित उमंग दिशा एवं विकास डे केयर सेंटर रीवा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जिसमें विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार औषधिय एवं अन्य विभिन्न प्रकार के पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया गया . इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री संजय सिंह संस्थापिका श्रीमती रानी सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता विश्वकर्मा विशेष शिक्षिका वैशाली श्रीवास्तव नीता रजक ,डॉक्टर सत्यम सिंह चंदेल ,संचालिका दीप्ति सिंह परिहार ,रंजना सिंह ,तरन्नुम निशा ,आनंद पटेल ,युवराज सिंह तिलक राज सिंह माही सिंह तथा संस्थान के दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित रहे .

## पर्यावरण दिवस पर भारत इंटरनेशनल स्कूल में किया गया पौधरोपण




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामपुर बाघेलान के तपा में भारत इंटरनेशनल सी बी एस ई स्कूल में विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी एवं डायरेक्टर अभिषेक सोनी प्रिंसिपल श्रीमती अंकुल कुलकर्णी द्वारा बृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी ने कहा कि अपने बिगड़ते हुए पर्यावरण को सुधारने हर व्यक्ति को साल में पांच पौधे तैयार करने चाहिए।

वहीं डायरेक्टर अभिषेक सोनी ने वृक्षारोपण करने के लिये प्रोत्साहित किया और रासायनिक उर्वरक का स्तेमाल न करते हुए जैविक खाद का उपयोग करने की बात कही। आयोजित कार्यक्रम में भारत इंटरनेशनल स्कूल का समस्त स्टाप वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में दो रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में शिक्षा सत्र 2024-25 से 2 रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रथम पाठ्यक्रम अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) एक ऐसी पहल है, जो छात्रों को अपनी डिग्री हासिल करते हुए काम करने का अनुभव प्राप्त करने में मदद करता है,जिससे उनकी रोजगार क्षमता का विकास होता है। इसके तहत "बी.कॉम. इन रिटेल ऑपरेशन'' कोर्स प्रारंभ किया गया है। यह प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं को कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

एईडीपी पाठ्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें छात्रों को अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी, जिसमें उन्हें न्यूनतम 8 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल एकेडमिक ज्ञान देगा अपितु व्यावसायिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव का अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

साथ ही महाविद्यालय में "बी.एससी. एग्रीकल्चरष् पाठयक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मध्य प्रदेश में कृषि की प्रधानता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के युवाओं को कृषि क्षेत्र में विभिन्न जानकारियां प्रदान करना एवं उन्हें कृषि के व्यवसायीकरण के लिए दक्षता प्रदान करना है। उक्त पाठ्यक्रम में चार वर्ष कृषि से संबंधित विभिन्न जानकारियों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है, जिससे छात्रों को कृषि क्षेत्र की समस्त जानकारियां प्राप्त हो पाएंगी, जिससे न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि होगी साथ ही वह अपने घर परिवार का कृषि कार्य में सहयोग कर पाएंगे और इससे विभिन्न रोजगार भी प्राप्त कर पाएंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के.सिंह एवं कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ प्रभाकर सिंह ने छात्रों से आह्वान किया है कि वे उत्साहपूर्वक इन दोनों पाठ्यर मों को अपने रुचि अनुसार सत्र 2025-26 में प्रवेश लेकर लाभान्वित हों। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय में स्थापित प्रवेश हेल्प सेंटर पर उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मलेरिया जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला मलेरिया अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी जून माह को मलेरिया निरोधक माह 2025 के रूप मे मनाया जा रहा है। दिनांक 05.06.2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे द्वारा मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया है। मलेरिया रथ जिले के विभिन्न विकासखण्डो मे मलेरिया प्रभावित क्षेत्रो मे भ्रमण करेगा एवं जनमानस को मलेरिया रोग से बचाव आदि के संबध मे जानकारी प्रदान करेगा। मलेरिया रथ मे मलेरिया मरीजों के जॉच एवं उपचार की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर हरिओम सिंह जिला मलेरिया अधिकारी सीधी, पुष्पेन्द्र शुक्ला जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. ज्ञानेन्द्र पाठक जिला मलेरिया सलाहकार, नरेन्द्र पटेल डीसीएम एवं मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ. बबिता खरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा लोगो से अपील की गई कि मच्छरों से बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहने व अपने घर के आसपास पानी न जमा होने दें और कोई भी बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे मलेरिया की जॉच एवं उपचार करावे जो पूर्णत निःशुल्क है। घर के दरवाजे व खिडकियों मे मच्छर रोधी जाली लगाये। कूलर, पानी की टंकी-पक्षियों के पानी के पीने के बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप मे सुखाकर पुनः प्रयोग करें। मलेरिया का मच्छर साफ पानी मे पनपता है अतः घर मे उपयोग का पानी जमा न होने दे सप्ताह मे 3 से 4 दिन बाद अवश्य रूप से बदल दे।

जिला मलेरिया अधिकारी हरिओम सिंह द्वारा बताया गया कि मलेरिया निरोधक माह जून मे मानसून के मौसम से पहले मलेरिया नियंत्रण के लिए संचालित गतिविधियों को तेज करने के लिए मलेरिया निरोधक माह के रूप मे मनाया जाता है। यह माह वैक्टर जनित रोग नियंत्रण एवं जन समुदाय की सक्रिय भागीदारी पर केन्द्रित है। मलेरिया निरोधक माह के आयोजन का उदेश्य जन सामान्य को व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से मलेरिया के लक्षण उपचार एवं बचाव के संबंध मे जागरूक करना है। मलेरिया की रोकथाम करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी/ स्वास्थ्य कार्यकर्ता और जन समुदाय की सरि य भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। मलेरिया निरोधक माह मे विकास खण्डस्तरीय एवं सेक्टर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशाला का आयोजन एवं हाट बाजार मे प्रचार प्रसार किया जावेगा।

## कवि गोष्ठी व भजन संध्या का भव्य आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच सतना के अध्यक्ष डॉ. यू.बी. सिंह परिहार जलविद/ से.नि.कार्यपालन यंत्री जल संसाधन/ गीतकार के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में पी.डब्लू.डी. रेस्टहाउस भंवरसेन जिला सीधी में श्रोणभद्र नद आरती महोत्सव कवि गोष्ठी व भजन संध्या का भव्य आयोजन सविधि सम्पन्न हुआ। आध्यात्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. एन. पी. तिवारी जी साहित्यकार / चिकित्सक बिरला अस्पताल सतना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप सर्वश्री मृगांक सिंह बघेल श्रोणभक्त शिकारगंज,डॉ विनोद तिवारी संगीतकार रीवा, डॉ शिव प्रसाद पाण्डेय से. नि. प्राध्यापक उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश /सचिव पाण्डेय शिक्षा समिति भमरहा जिला मैहर मध्यप्रदेश, श्री रामकथा नट वरिष्ठ साहित्यकार मैहर, श्री महेन्द्र कुमार द्विवेदी बघवार सीधी उपस्थित रहे। श्रोणभद्र नद के पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्व तथा भंवरसेन की धन्य धरा में जन्मे कवि/इतिहासकार स्व. मोती लाल शर्मा की निम्न लिखित अमर पंक्तियों को मूलाधार मानते हुए दिव्य आयोजन स्थानीय संयोजक एवं जनमानस के सहयोग से पूर्ण हुआ।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में दी जा रही मत्स्य पालन संबंधी जानकारी




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने जानकारी देकर बताया है कि कृषि तथा सम्बद्ध विभागो की शासकीय योजनाओं तथा नवीन तकनीकों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषक संगोष्ठी एवं शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान मत्स्य पालन विभाग जिला सीधी द्वारा भी विभागीय योजनाओं एवं मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों की जानकारी मत्स्य कृषकों को प्रदाय की जा रही है। मत्स्य पालन की गतिविधियों से जुड़े समस्त मत्स्य कृषकों तथा हितधारकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने निकटतम ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर/कृषक संगोष्ठी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो कर मत्स्यपालन के क्षेत्र में प्रचलित नवीन तकनीकों तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त सकते हैं।

## कानून एवं व्यवस्था के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अपर जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर दिनांक 07.06.2025 को ईदुज्जुहा का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी थाना क्षेत्र के लिये लगाई है।

जारी आदेशानुसार डॉ सुदामा प्रसाद कोल प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोपद बनास सीधी की ड्यूटी थाना जमोड़ी में, तीरथ प्रसाद अक्षरिया प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तह. गोपद बनास सीधी की ड्यूटी थाना कोतवाली सीधी में, इन्द्रभान सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील बहरी सीधी की ड्यूटी थाना बहरी में, दिनेश तिवारी प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील सिहावल सीधी की ड्यूटी थाना अमिलिया में, आशीष मिश्रा प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील मझौली सीधी की ड्यूटी थाना मझौली में, सुषमा देवी रावत प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील मड़वास सीधी की ड्यूटी थाना मड़वास में, नारायण सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील कुसमी सीधी की ड्यूटी थाना कुसमी में, सोने सिंह धुर्वे प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील भुईमाड़ सीधी की ड्यूटी थाना भुईमाड़ में, महेन्द्र कुमार द्विवेदी प्रभारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामपुर नैकिन सीधी की ड्यूटी थाना रामपुर नैकिन में, निवेदिता त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी चुरहट सीधी की ड्यूटी थाना चुरहट में, रामप्रताप सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार/ कार्यपालिक दण्डधिकारी तहसीलदार चुरहट सीधी की ड्यूटी थाना कमर्जी में लगाई गई है।

उपखण्ड मजिस्ट्रेट समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संबंधित एस.डी.ओ.पी एवं थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगें। तहसीलदार एव नायब तहसीलदार समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राजस्व निरीक्षक पटवारी एवं संबंधित कोटवारों से शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु प्रत्येक स्थानों में सतत् निगरानी हेतु निर्देशित करें।

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री अंशुमन राज द्वारा जनपद पंचायत मझौली की विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत टिकरी, कंजवार एवं खजुरिहा के भ्रमण के दौरान मनरेगा योजनांतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों यथा प्लांटेशन, गौ शाला, सी एन जी एवं खेत तालाब आदि निर्माण कार्यों का निरिक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जनपद पंचायत मझौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ज्ञानेंद्र मिश्रा, सहायक यंत्री श्रीमती सरिता सिंह, प्रभारी एपीओ श्री अरविन्द तिवारी, क्षेत्रीय उपयंत्री सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को प्राकृतिक खेती की सलाह



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी गई। प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता और किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देती है। यह रासायनिक आदानों पर निर्भरता को समाप्त कर लागत को कम करती है, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करती है और सुरक्षित पौष्टिक खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करती है। साथ ही यह जैव विविधता को संरक्षित कर ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाती है। विकसित कृषि संकल्प अभियान में आठवें दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड में गोपालपुर, ममदर, अमरपुर, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड में कुबरी, तेन्दुहा नं1, पोखड़ौर एवं तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में भुईमाड़, केशलार तथा सोनगढ़ में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषक संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों द्वारा जिले के किसानों को प्राकृतिक कृषि के लाभ के विषय मे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को जीरो बजट खेती भी कहते हैं। यह एक ऐसी कृषि पद्धति है जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को पूरी तरह से त्याग देती है और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर टिकाऊ खेती पर जोर देती है। इसके प्रमुख घटक और उनके महत्व निम्नानुसार हैं- जीवामृत यह गाय के गोबर, मूत्र, गुड़, बेसन और मिट्टी से बना एक प्राकृतिक उर्वरक है। जीवामृत मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाता है जो पोषक तत्वों को पौधों के लिए उपलब्ध कराते हैं। यह मिट्टी की उर्वरता को प्राकृतिक रूप से बढ़ाता है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को समाप्त करता है। बीजामृत- यह गाय के गोबर, मूत्र, चूना और मिट्टी से तैयार एक बीज उपचार विधि है।

बीजामृत बीजों को रोगों और कीटों से बचाता है, अंकुरण दर को बढ़ाता है और पौधों की प्रारंभिक वृद्धि को मजबूत करता है। यह रासायनिक बीज उपचार का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। आच्छादन (मल्चिंग)- मिट्टी को जैविक सामग्री जैसे पुआल, सूखी पत्तियों या घास से ढकना आच्छादन कहलाता है। यह मिट्टी की नमी को बनाए रखता है, खरपतवार को नियंत्रित करता है, मिट्टी के तापमान को संतुलित करता है और मिट्टी के कटाव को रोकता है। यह जल संरक्षण और मिट्टी स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वाफ्सा (मिट्टी में वायु संचार)- प्राकृतिक खेती में मिट्टी को गहराई तक जोतने के बजाय हल्की जुताई की जाती है ताकि मिट्टी के सूक्ष्मजीव और संरचना बरकरार रहे। यह मिट्टी में हवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता को बढ़ाता है जो पौधों की जड़ों और सूक्ष्मजीवों के लिए लाभकारी है। फसल विविधता और सह-फसलीकरण- प्राकृतिक खेती में एक साथ कई फसलों को उगाया जाता है जैसे कि मुख्य फसल के साथ सहायक फसलों का संयोजन। यह मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखता है, कीटों और रोगों को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करता है और जैव विविधता को बढ़ावा देता है। प्राकृतिक कीट नियंत्रण- नीम, धतूरा या अन्य औषधीय पौधों से बने काढ़े (जैसे निमास्त्र) का उपयोग कीटों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। कीट प्रबंधन सुनिश्चित करता है।

## अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायतों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री अंशुमन राज के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी द्वारा जनपद पंचायत सिहावल की विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत समरदा, पतुलखी एवं खोचीपुर का भ्रमण करते हुए मनरेगा योजनातर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों यथा अमृत सरोवर, गौ शाला, पंचायत भवन एवं खेत तालाब आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान तथा ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सिहावल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,सहायक यंत्री, प्रभारी अतिरिक्त कार्यर म अधिकारी मनरेगा, क्षेत्रीय उपयंत्री सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विचार

## कल के लिए एक हरित वायदा है

हर बार जब आप अन्य साधनों की बजाय रेलगाड़ी से यात्रा करने का चयन करते हो तो आप केवल आराम और सहूलियतें ही नहीं चुन रहे होते बल्कि आप एक स्वच्छ, हरे-भरे भारत को भी चुनते हैं। पिछले साल 700 करोड़ से अधिक लोगों ने भारतीय रेलवे में यात्रा करने का चयन किया। यह हमारी लाइफलाइन है और कल के लिए एक हरित वायदा है।

भारतीय रेल देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंचामृत लक्ष्यों-2017 तक शुद्ध 0 के निकट जाने में मदद कर रहा है। रेलवे इसे एक बहुआयामी पहुंच के द्वारा सक्षम बना रहा है जिसके द्वारा आवाजाही को सड़क से रेल की ओर तबदील किया जा रहा है। इकट्ठे होकर यह कदम भारत को पैमाने पर अपनी आर्थिकता को डी-कार्बोनाइज करने में मदद कर रहे हैं। 2013-14 में रेलवे ने करीब 1,055 मिलियन टन माल को ढोया। 2024-25 में यह बढ़कर 1,617 मिलियन टन हो गया जिससे हमारी रेलवे दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी माल ढोने वाली रेलवे बन गई है। विशेषज्ञों द्वारा की गई गणना का इस्तेमाल करते हुए सड़क से रेल तक माल के इस तबादले ने हमारे देश को 143 मिलियन टन से अधिक सी.ओ. 2 विकास को बचाने में मदद की है। यह 121 करोड़ वृक्ष लगाने के बराबर है।

रेल के द्वारा माल की ढुलाई सड़क द्वारा किए जाने वाले लगभग आधे खर्चे के बराबर है। इसका भाव यह है कि न केवल व्यवसाय के लिए बल्कि समस्त आर्थिकता के लिए बहुत बड़ी बचत है। इस बदलाव में पिछले दशक के दौरान लॉजिस्टिक्स लागतों में 3.2 लाख करोड़ की बचत करने में मदद की है। रेलवे भी बहुत ही स्वच्छ है जो ट्रकों की तुलना में 90 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ती है। यह हमारे आसमान में कम धुआं छोड़ती है और हमें स्वच्छ हवा मिलती है। सड़क से रेल बदलाव में हमारे लिए 2,857 करोड़ लीटर डीजल बचाया है जिससे ईंधन की लागत में करीब 2 लाख करोड़ की बचत हुई है।

ग्रीन ट्रैक, मजबूत राष्ट्र = भारत तेल का आयात करता है। इसलिए हमारे आवाजाही क्षेत्र का बिजलीकरण करना रणनीतिक तौर पर समझदारी वाला फैसला है ताकि आयात पर हमारी निर्भरता कम हो जाए। 2014 से पहले 60 सालों में भारतीय रेल ने 21,000 किलोमीटर ट्रैक का बिजलीकरण किया है और पिछले 11 वर्षों में हमने 47,000 किलोमीटर का बिजलीकरण किया। आज हमारे ब्रॉडगेज नैटवर्क का 99 प्रतिशत बिजलीकरण किया जा चुका है। रेलवे स्टेशनों, फैक्टरियों और वर्कशापों के लिए ग्रीन ऊर्जा का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा किया जा रहा है। अब यह राज्यों के साथ मिलकर रेलगाडियां चलाने के लिए अधिक ग्रीन ऊर्जा हासिल करने के लिए कार्य कर रहा है। यह सब भारत को अपने शुद्ध 0 लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर ले जाएगा। इस गति के आधार पर समर्पित माल ढुलाई कोरीडोर (डी.एफ. सीज) बिजलीकरण किए गए हैं जो उच्च क्षमता वाली रेलवे लाइनें हैं जो विशेष तौर पर माल ढुलाई के लिए ही तैयार की गई है। 2,741 किलोमीटर के कार्यशील होने के साथ डी.एफ.सीज. ने सड़कों पर भीड़भाड़ को कम किया है और डीजल की खपत और कार्बन निकासी को काफी हद तक कम कर दिया है। भारत हाईड्रोजन के साथ चलने वाली रेलगाड़ी जैसी आधुनिक, 0 निकासी वाली टैक्नोलॉजी को भी अपना रहा है।

# अपने कार्यक्रमों में विभिन्न विचारों के महानुभावों को आमंत्रित करने की है संघ की परंपरा

**लोकेन्द्र सिंह राजपूत**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सबके लिए खुला संगठन है। इसके दरवाजे किसी के लिए बंद नहीं है। कोई भी संघ में आ सकता है। कोई विपरीत विचार का नेता, सामाजिक कार्यकर्ता या विद्वान व्यक्ति जब संघ के कार्यक्रम में शामिल होता है, तब उन लोगों को आश्चर्य होता है, जो संघ को एक 'लोड्ड डोर ऑर्गेनाइजेशन' समझते हैं। जो संघ को समझते हैं, उन्हें यह सब सहज ही लगता है। इसलिए नागपुर में आयोजित संघ शिक्षावर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-2' के समापन समारोह में जब मध्यप्रदेश-छीसगढ़ के जनजाति वर्ग के कद्दावर नेता अरविंद नेताम को आमंत्रित किया गया, तब संघ को जाननेवालों को यह सहज ही लगा लेकिन संघ के प्रति संकीर्ण सोच रखनेवाले इस पर न केवल हैरानी व्यक्त कर रहे हैं अपितु वितंडावाद भी खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं।**



हालांकि, उनके वितंडावाद की हवा स्वयं जनजातीय नेता अरविंद नेताम ने यह कहकर निकाल दी कि वनवासी समाज की समस्याओं और चुनौतियों को संघ कार्यक्रम के माध्यम से रखने का सुअवसर मुझे मिला है। उन्होंने संघ के संबंध में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की है कि इस संगठन में चिंतन-मंथन की गहरी परंपरा है। भविष्य में जनजातीय समाज के सामने जो चुनौतियां आनेवाली हैं, उसमें आदिवासी समाज को जो संभालनेवाले और मदद करनेवाले लोग/संगठन हैं, उनमें हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मानते हैं। सुप्रसिद्ध जनजातीय नेता अरविंद नेताम श्रीमती इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के कार्यक्रमों में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और जय प्रकाश नारायण से लेकर श्रीमती इंदिरा गांधी एवं प्रणब मुखर्जी तक शामिल हो चुके हैं। संघ ने कभी किसी से परहेज नहीं किया। संघ अपनी स्थापना के समय से ही सभी प्रकार के मत रखनेवाले विद्वानों से मिलता रहा है और उन्हें अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवाद में गहरा विश्वास है। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कहते हैं कि अगर हम विचारों को एक किला बनाकर उसके अंदर अपने आपको बंद कर लेंगे, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार प्रतिष्ठित राजनेता थे।

कांग्रेस, समाजवादी एवं कम्युनिस्ट नेताओं के साथ उनका गहरा परिचय था। संघ का दर्शन कराने के लिए डॉक्टर साहब लगातार विभिन्न विचारों के विद्वान व्यक्तियों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं से मिलते थे और उन्हें संघ में आमंत्रित करते थे। वे उस समय की चुनौतियों के संबंध में सबसे विचार-विमर्श करके समाधान के मार्ग तक पहुँचने का प्रयास करते थे। संघ के वर्तमान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर अपनी पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ = स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में लिखते हैं कि किसी विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, किंतु जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलते हैं, संवाद करते हैं, तो अवश्य ही समाधान निकलता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1930 के दशक से ही समाज जीवन में सक्रिय लोगों को अपने कार्यक्रमों में बुलाता रहा है। दरअसल, एक और महत्वपूर्ण बात है यह कि संघ को विश्वास है कि जब तक कोई संघ से दूर है, तब तक ही वह संघ का विरोधी हो सकता है। लेकिन जैसे ही वह संघ के निकट आता है और संघ को जानने-समझने लगता है, तब वह संघ का विरोधी हो ही नहीं सकता। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो इस बात को सिद्ध करते हैं। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण भी संघ के आमंत्रण पर आ चुके हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मानित समाजवादी नेता थे। प्रारंभ में संघ को लेकर उनके विचार आलोचनात्मक थे। लेकिन जब उन्होंने संघ को नजदीक से देखा तब उनके विचार पूरी तरह बदल गए। उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि यदि आरएसएस फासीवादी संगठन है तो जेपी भी फासीवादी है। प्रख्यात समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया और संघ के पदाधिकारियों के साथ मित्रतापूर्ण संवाद रहा है। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है कि मैं संघ का विधिवत सदस्य नहीं हूँ, फिर भी स्वभाव से, परिकल्पना से मैं स्वयंसेवक हूँ। परम पावन दलाई लामा संघ के अनेक कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं, उनका भी कहना है कि मैं संघ का समर्थक हूँ। अनुशासन, देशभक्ति और समाज सेवा के लिए यह संगठन जाना जाता है। वर्ष 1977 में आंध्रप्रदेश में आए चक्रवात के समय स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों को देखकर वहां के सर्वोदयी नेता श्री प्रभाकर राव ने तो संघ को नया नाम ही दे दिया था। उनके अनुसार- आरएसएस अर्थात् रेडी फॉर सेल्फलेस सर्विस।

संघ के कार्यक्रम में जब भी कोई अन्य विचार का व्यक्ति आया है, तब संघ के कार्यकर्ताओं की ओर से कभी उनका विरोध नहीं हुआ। बल्कि स्वयं को अधिक प्रगतिशील एवं लोकतांत्रिक बतानेवाले लोगों ने ही आमंत्रित महानुभावों को रोकने के लिए भरसक प्रयास किए हैं। जब उनके सब प्रयत्न विफल हो जाते हैं, तब ये लोग आमंत्रित महानुभावों की छवि पर हमला करने लगते हैं। उन्हें 'छिपा हुआ संघी' घोषित कर देते हैं। याद हो, वर्ष 2018 में नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग-तृतीय वर्ष के समापन समारोह में जब पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के शामिल होने का समाचार सामने आया, तब कितना हो-हल्ला मचाया गया। प्रणब दा को रोकने के लिए पत्र लिखे गए, आह्वान किए गए। आखिर में प्रणब दा समारोह में पहुँचे और अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर प्रणब दा न केवल आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार के घर (संग्रहालय) गए, बल्कि वहाँ उन्होंने विजिटर बुक में लिखा- मैं आज भारत माँ के महान सपूत डॉ. केबी हेडगेवार के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूँ।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया के नेता और दलित नेता दादासाहेब रामकृष्ण सूर्यभान गवई तथा कम्युनिस्ट विचारों वाले जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर भी संघ के कार्यक्रमों में आ चुके हैं। मीनाक्षीपुरम में कुछ हिंदुओं द्वारा धर्म परिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार किए जाने की घटना के बाद श्री गवई ने स्वयं संघ के कार्यक्रम में आने की इच्छा व्यक्त की थी और अपने विचार रखे थे। केरल की पहली कम्युनिस्ट सरकार में मंत्री रहे जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर ने स्थानीय विरोधों के बावजूद तत्कालीन सरसंघचालक से संपर्क किया और बाद में पत्रकारों के सामने अपने विचार रखे थे।

अभी हाल के वर्षों में देखें तो, नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, डीआरडीओ के पूर्व डायरेक्टर जनरल विजय सारस्वत, एचसीएल के प्रमुख शिव नाडर, नेपाल के पूर्व सैन्य प्रमुख रुकमंगुड कटवाल जैसे व्यक्तित्व संघ के विजयादशमी उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो चुके हैं। पिछले एक दशक में नागपुर में आयोजित होनेवाले संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में आए प्रमुख महानुभावों में दैनिक पंजाब केसरी के संचालक एवं संपादक अश्वनी कुमार, आदिचुनचुनगिरी मठ (कर्नाटक) के प्रधान पुजारी श्री निर्मलानंदनाथ महास्वामी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर, धर्मस्थल कर्नाटक के धर्माधिकारी पद्मविभूषण डॉ. विरेन्द्र हेगडे, साप्ताहिक 'वर्तमान' (कोलकाता) के संपादक रंतिदेव सेनगुप्त, श्रीरामचंद्र मिशन (हैदराबाद) के अध्यक्ष दाजी उपाख्य कमलेश पटेल, श्री काशी महापीठ (वाराणसी) के 1008 जगद्गुरु डॉ. मल्लिकार्जुन विश्वाराध्य शिवाचार्य महास्वामी, श्री सिद्धगिरी संस्थान मठ (कोल्हापुर) के अदृश्य काडसिद्धेश्वर स्वामी और श्री क्षेत्र गोदावरी धाम बेट सराला के पीठीधीश श्री रामगिरी जी महाराज प्रमुख हैं।

# लू से 700 मौतें हो गई, राजनीतिक दलों ने उफ तक नहीं की

**योगेंद्र योगी**

देश में आम लोगों की जिन्दगी कोई मोल नहीं है। कम से कम सरकारों और राजनीतिक दलों की नजर में तो बिल्कुल नजर नहीं आता। मुद्दा यदि वोट बैंक से जुड़ा हुआ हो, तभी राजनीतिक दल कुछ गंभीरता बेशक दिखा लें किन्तु लोगों के जीवन-मरण जैसे मुद्दों से लगता यही है कि उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि ऐसा नहीं होता तो अदालतों को मौसम की मार से होने वाली मौतें रोकने के लिए सरकारों को दिशा-निर्देश नहीं देने पड़ते। आश्चर्य की बात यह है कि प्रतिकूल मौसम से आम लोगों को बचाने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्यों की सरकारों की है, किन्तु यह काम भी अब अदालतों को करना पड़ रहा है। इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर सरकारों की जरूरत कितनी सीमित रह गई है।

हीटवेव से 700 से ज्यादा मौतों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने पूछा है कि इतने बड़े मौसमी संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर क्या तैयारी की जा रही है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने गृह मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह याचिका पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने दाखिल की। उन्होंने कोर्ट से गुजारिश की है कि सरकार को गर्मी की चेतावनी देने वाली प्रणाली, हीटवेव की पहले से जानकारी देने की व्यवस्था, और 24 घंटे काम करने वाली राहत हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

याचिका में यह भी बताया गया है कि 2019 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीटवेव से



निपटने के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी किए थे, लेकिन कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अब तक उस पर काम ही नहीं किया। याचिका में यह भी जिक्र है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 35 के अनुसार केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह की आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करे। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने अधिकारियों के रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि पिछले साल दिए गए अदालत के निर्देशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह कानून के शासन पर सवाल उठाता है। अधिकारी स्वयं को कानून से ऊपर मान रहे हैं, लेकिन कोर्ट आंख बंद करके नहीं बैठ सकता। इंसानों से जानवरों जैसा बर्ताव नहीं हो सकता और न जान बचाने के लिए धन की कमी का बहाना चल सकता। कोर्ट ने मुख्य सचिव से अदालती आदेशों की पालना के लिए समन्वय समिति बनाने और लू से बचाव के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्रालय, मुख्य सचिव व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा केन्द्र व राज्य सरकार के 10 अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

मई के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देश के उत्तरी, मध्य और पश्चिमी भागों में गर्मियों के दौरान पडने वाली लू के मद्देनजर 11 राज्यों से कहा है कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। वर्ष 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण 3,798 लोगों की मौत के बारे में एनसीआरबी के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए आयोग ने एकीकृत और समावेशी उपायों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। आयोग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में आश्रयों की व्यवस्था, राहत सामग्री की आपूर्ति, कार्य घंटों में संशोधन और गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए मानक प्रक्रियाओं की उपलब्धता की मांग की है।

भारत में वर्ष 2001 से 2019 के बीच हीटवेव यानी लू से करीब 20,000 लोगों की मौत हुई है। एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ कि पुरुषों में लू से होने वाली मौतों की आशंका ज्यादा पाई गई। एक और हालिया अध्ययन में यह बताया गया है कि हीटवेव से होने वाली मौतें जातीय आधार पर भी बंटी हुई हैं। भारत में हाशिए पर मौजूद समुदायों से ताल्लुक रखने वाले लोगों की मौतें, अन्य समुदायों की तुलना में, लू से कहीं ज्यादा हुईं। अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं का कहना है कि यह एक तरह की %थर्मल इनजस्टिस% (गर्मी से जुड़ा अन्याय) की स्थिति है। संयुक्त राष्ट्र के इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की 2021 की एक रिपोर्ट जैसी कई रिपोर्टों ने चेतावनी दी है कि भारत समेत एशिया के कई हिस्सों में आने वाले वर्षों में और भी एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स, जैसे कि हीटवेव, देखने को मिलेंगी। हर साल गर्मी के रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं।

भारत के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, फरवरी 2025 भारत में बीते 125 वर्षों में सबसे गर्म फरवरी का महीना रहा है। टीम ने पाया कि 2001 से 2019 के बीच भारत में हीटस्ट्रोक से 19,693 मौतें और अत्यधिक ठंड से 15,197 मौतें दर्ज की गईं। हालांकि, यह संख्या असल आंकड़ों से कम हो सकती है क्योंकि अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने से होने वाली मौतों की रिपोर्टिंग पर्याप्त रूप से नहीं होती। यह बात 29 अप्रैल को प्रकाशित एक अध्ययन में कही गई है, जो वैज्ञानिक पत्रिका %टेम्परेचर% में प्रकाशित हुआ। अध्ययन में यह भी पाया गया कि हीटस्ट्रोक से मरने वालों में पुरुषों की संख्या अधिक थी; इस अवधि में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की मौतें तीन से पांच गुना ज़्यादा थीं।

इतना ही नहीं लू जैसी आपदा के अलावा बाढ़, अतिवृष्टि और बिजली गिरने जैसी आपदाओं में हर साल हजारों लोग काल कलवित हो जाते हैं। ऐसे मुद्दे राजनीतिक दलों के एजेंडे में शामिल नहीं हैं। कोई भी राजनीतिक दल घोषणा करना तो दूर बल्कि यह दावा तक नहीं करता कि किसी भी व्यक्ति की मौत ऐसे प्राकृतिक कारणों से नहीं होगी। इससे साफ जाहिर है कि राजनीतिक दलों की प्राथमिकता में ऐसी मौतों की रोकथाम के गंभीर प्रयास करना या इसे चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करना नहीं है। कारण स्पष्ट है इससे दलों के वोट बैंक में इजाफा नहीं होता। ऐसे मुद्दों के लिए सत्तारुढ़ दलों के नेताओं से अधिक नौकरशाहों को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। इनकी जवाबदेयी के लिए जब तक कानून के तहत दंड का प्रावधान नहीं होगा, तब हर साल प्राकृतिक आपदाओं लोगों की मौत होती रहेंगी।

## भरतपुर जनपद में "मोर गांव मोर पानी" महाअभियान का हुआ शुभारंभ




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के जनपद पंचायत भरतपुर में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु "मोर गांव मोर पानी" महाअभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों सहित पंचायत प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री मायाप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष श्री हीरालाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुखमंती सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह तथा जनपद सदस्य श्रीमती भारती बेनवंश, फूलबाई, रीना सिंह, अर्पिता सिंह, सविता गोंड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संचयन एवं प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी दी गई और समुदायों को जल स्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने "मोर गांव मोर पानी" महाअभियान के उद्देश्यों की व्याख्या करते हुए बताया कि यह पहल केवल जल संरक्षण नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल व्यवस्था की नींव है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भू-जल संरक्षण अभियान "पानी की एक-एक बूंद बचाओ, कल को सुरक्षित करो", "जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन और कल बचाओ" जैसे प्रेरक नारों और अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता सराहनीय रही और सभी ने एकजुट होकर जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।

# युक्तियुक्तकरण से सुधरी शिक्षा व्यवस्था, एकल शिक्षकों की समर्पण भावना बनी प्रेरणा







**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में किए गए युक्तियुक्तकरण के प्रभाव से विकासखंड मनेंद्रगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। जिला शिक्षा विभाग ने एकल शिक्षकीय, रिक्त शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन प्राथमिक शालाओं की सूची जारी करते हुए यह स्पष्ट किया है कि अब शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन और भी व्यवस्थित रूप से कर पा रहे हैं।

विकासखंड की कई प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं, जहां मात्र एक शिक्षक पदस्थ हैं, फिर भी वे पूरे समर्पण और कर्मठता के साथ विद्यालय संचालन की सभी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। ई संवर्ग के अंतर्गत प्राथमिक शाला डिहुली और प्राथमिक शाला शिवपुर इसके जीवंत उदाहरण हैं। इन विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों ने न केवल शिक्षण कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, बल्कि प्रशासनिक कार्यों, विद्यार्थियों की गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन योजना और स्कूल प्रबंधन जैसी सभी जिम्मेदारियों को भी प्रभावी रूप से निभाया।

इसी प्रकार टी संवर्ग के शिक्षक भी किसी से पीछे नहीं हैं। विकासखंड मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत टी संवर्ग की एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाएं हर्रीटोला, सलवा, वाही, नवाडीह, महराजपुर, डोंगरीपारा, छापरपारा, मटियारीऔरा, रेराधारा, गुडरूपारा, धरमपुर, मगाई, दुलकू, चक्काडांड, डंगौरा, चनवारीडांड, बोदरीटोला, मुड़धोवा, सरौला, मुख्तियारपारा और स्टेशनपारा इन सभी विद्यालयों में शिक्षक बहुआयामी भूमिका निभा रहे हैं। ये शिक्षक पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय की अन्य सभी गतिविधियों का दायित्व भी पूरी निष्ठा से उठा रहे हैं।

विकासखंड मनेंद्रगढ़ में युक्तियुक्तकरण के पश्चात ई संवर्ग की रिक्त शिक्षकीय शालाएं प्राथमिक शाला लोहारी (बरबसपुर) और बुंदेली चिन्हित की गई हैं। वहीं टी संवर्ग की रिक्त शालाओं में प्राथमिक शाला फाटपानी, शंकरगढ़, कोथारी, प्राथमिक आश्रम शाला ताराबहरा, छिपछिपी, बौरीडांड और साल्ही शामिल हैं। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि अब विकासखंड मनेंद्रगढ़ में ई संवर्ग की कोई भी शिक्षक विहीन शाला नहीं रह गई है, जबकि टी संवर्ग में मात्र एक विद्यालय प्राथमिक शाला खरला शिक्षक विहीन है। यह संपूर्ण परिवर्तन युक्तियुक्तकरण की नीति का परिणाम है, जिसके माध्यम से शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की पदस्थापना को न्यायसंगत और आवश्यकता आधारित बनाया है। इससे न केवल विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि एकल शिक्षक भी अपने कार्य को मिशन मानकर निष्कलंक सेवा भावना के साथ निभा रहे हैं। अब आवश्यकता है कि शासन-प्रशासन ऐसे समर्पित शिक्षकों को आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाए, ताकि ये विद्यालय और अधिक प्रगति कर सकें।

## समाज कल्याण विभाग की टीम ने किया खोगापानी नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की टीम ने खोगापानी स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। विभाग के उप संचालक आर. के. सिन्हा के नेतृत्व में पहुंचे निरीक्षण दल ने केंद्र में निवासरत लाभार्थियों की देखभाल, भोजन, दवाओं की उपलब्धता, परामर्श सेवाएं तथा पुनर्वास प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की।

टीम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र में रह रहे पीड़ितों से संवाद कर उनकी वर्तमान स्थिति, इलाज की गुणवत्ता एवं केंद्र द्वारा दी जा रही मानसिक, सामाजिक व चिकित्सकीय सहयोग की जानकारी ली। उप संचालक सिन्हा ने बताया कि केंद्र में विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में आए व्यक्तियों को नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें उन्हें नियमित रूप से चिकित्सा, योग, ध्यान तथा कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

वर्तमान में केंद्र में 20 से अधिक लाभार्थी उपचाररत हैं, जिन्हें शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। टीम ने निरीक्षण के दौरान रजिस्टर संधारण, स्वच्छता व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा प्रबंधों की भी गहन जांच की। निरीक्षण उपरांत समाज कल्याण विभाग की टीम ने केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि लाभार्थियों को अधिक प्रभावी और संवेदनशील सेवाएं मिल सकें।

## जिले में शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया संपन्न, स्कूलों को मिलेगी नई शैक्षणिक ऊर्जा




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शिक्षकों की काउंसलिंग सफलता के साथ पूरी कर ली गई है। यह काउंसलिंग 2 जून से 3 जून तक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों ने भाग लिया और जिले की शैक्षणिक संरचना को मजबूती देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली।

जिले में कुल 241 रिक्तियों के विरुद्ध विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। सहायक शिक्षक पदों के लिए 157 रिक्तियों पर काउंसलिंग हुई, जिसमें 154 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के 3 पदों में से 1 पर काउंसलिंग आयोजित की गई, जबकि शिक्षक वर्ग के 104 पदों में से 51 पर चयन प्रक्रिया हुई, जहाँ 65 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। उच्च माध्यमिक स्तर के व्याख्याता पदों के लिए 36 में से 32 रिक्तियों पर काउंसलिंग हुई और सभी 36 अभ्यर्थी इस प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। हालांकि प्रधान पाठक (उ.मा.शा.) और प्राचार्य पदों के लिए इस चरण में कोई काउंसलिंग आयोजित नहीं की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और वरिष्ठता के आधार पर संपन्न हुई है।

काउंसलिंग के बाद चयनित शिक्षकों की नियुक्ति जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जिले के स्कूलों में लंबे समय से चली आ रही शिक्षकों की कमी को प्रभावी रूप से दूर किया जा सकेगा। यह पहल न केवल प्रशासनिक पुनर्संरचना है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि जहां छात्रों की संख्या अधिक है, वहाँ पर्याप्त और योग्य शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल सके। यह काउंसलिंग जिले के विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी और उन्हें एक मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान करेगी।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षक पहुंचे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के दूरस्थ गांव




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के सुदूर और वनांचल क्षेत्र भरतपुर विकासखंड में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है। लंबे समय से शिक्षक विहीन या केवल एक शिक्षक के सहारे संचालित हो रहे प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को आखिरकार योग्य शिक्षक मिल गए है। यह संभव हो सका है राज्य शासन द्वारा संचालित युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन से जिसने वर्षों से शिक्षा की कमी से जूझ रहे गांवों में नई उम्मीदें जगा दी हैं।

भरतपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला बरेल और प्राथमिक शाला नेऊर कई वर्षों से शिक्षक विहीन थी। इन दोनों स्कूलों में अब शिक्षक पदस्थ कर दिए गए हैं। इसी प्रकार 69 प्राथमिक शालाएं ऐसी थीं, जहां केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत थे, जिन पर बच्चों की पूरी जिम्मेदारी थी। अब युक्तियुक्तकरण के बाद इन सभी स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। सबसे उल्लेखनीय बदलाव हाई स्कूल बड़गांव खुर्द में देखने को मिला है, जो गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के भीतर एक अत्यंत दुर्गम और पहुंच विहीन गांव है। यहां वर्षों से केवल एक अतिथि शिक्षक के भरोसे 26 बच्चों की पढ़ाई हो रही थी। ग्रामीण लगातार शिक्षक की मांग कर रहे थे, लेकिन सुनवाई नहीं हो पा रही थी।

अब युक्तियुक्तकरण के तहत यहां गणित और हिंदी विषय के व्याख्याताओं की नियुक्ति की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इसी तरह देवशील, ढाब और खोखनिया जैसे वनवासी क्षेत्रों में स्थित शालाओं में भी वर्षों से शिक्षक की भारी कमी थी। देवशील गांव के प्राथमिक शाला में 57 बच्चे हैं, लेकिन केवल एक शिक्षक कार्यरत था। अब एक और शिक्षक की नियुक्ति यहां की गई है। ढाब गांव के स्कूल में भी शिक्षक की मांग लंबे समय से उठ रही थी, जिसे अब युक्तियुक्तकरण से पूरा किया गया है।

खोखनिया गांव में प्राथमिक शाला में एक और माध्यमिक शाला में दो शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। यहां कुल 87 बच्चे पंजीकृत हैं, जो अब बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इन दुर्गम गांवों के ग्रामीणों ने शासन और शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि अब उनके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। युक्तियुक्तकरण ने न केवल स्कूलों को शिक्षक दिए हैं, बल्कि गांवों में शिक्षा की अलख भी जगा दी है।

## जिले में पर्यावरण दिवस पर रोपे गए 6300 पौधे





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला पंचायत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घरों पर 6,300 पौधे लगाए गए, साथ ही जिले के अमृत सरोवर में 300 पौधों का रोपण किया गया।

**बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान**

जिला प्रशासन ने 5 से 15 जून तक 15,000 प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम जन मन के लाभार्थियों के घरों पर वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, मनरेगा योजना के तहत निर्मित 25 अमृत सरोवर'' के किनारे 2,500 पौधे लगाए जाएंगे।

**शिक्षण संस्थानों और सरकारी परिसरों में हरियाली**

इस अभियान के तहत सभी विद्यालयों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केंद्रों और शासकीय भवनों में फलदार व औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही, महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत 11 हेक्टेयर भूमि पर 5,000 पौधे रोपित किए जाएंगे।

**सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा**

जिले के सभी विकासखंडों में (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) को एजेंसी बनाकर 5-5 एकड़ भूमि पर 1,000-1,000 फलदार पौधे लगाने की तैयारी की गई है। यह कार्य बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय लोगों की आजीविका में भी सुधार करेगा। इस अभियान में जनभागीदारी को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

## सर्राफा व्यापारी भाइयों को गोली मारी,नगदी-जेवर लूटकर भागे बदमाश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम माड़ीसरई में बुधवार शाम बाजार से लौट रहे दो सर्राफा व्यापारी भाइयों को लुटेरों ने गोली मार दी। लुटेरे दोनों के पास से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। दोनों सर्राफा व्यापारी हरचौका बाजार से लौट रहे थे। गंभीर रूप से घायल दोनों भाइयों को प्राथमिक उपचार के बाद मध्यप्रदेश के शहडोल रेफर किया गया हैं। घटना जनकपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, सर्राफा व्यवसायी ब्रम्हा सोनी (40 वर्ष) और अनिल सोनी (35 वर्ष) गुरुवार को हरचौका साप्ताहिक बाजार गए थे। दोनों बाजार करने के बाद अपने घर वापस सत्यारी लौट रहे थे। शाम करीब 7.30 माड़ीसरई के पास पहले से घात लगाए दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने उन्हें बाइक अड़ाकर रोक लिया। दोनों भाइयों के पास रखे नगदी और जेवर को बाइक सवार युवकों ने लूटने की कोशिश की। जब दोनों भाइयों ने विरोध किया तो लुटेरों ने उन्हें गोली मार दी।

दोनों भाइयों को गोली मारने के बाद बाइक सवार युवक उनके पास रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी



से भरा बैग लूटकर बाइकों से भाग निकले। रास्ते में उन्होंने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गिर गया और उसका पैर टूट गया।

हादसे में घायल दोनों भाइयों का जनकपुर हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दोनों भाइयों को इलाज के लिए मध्यप्रदेश के शहडोल के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके की घेराबंदी कर फरार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल लुटेरों का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस को आशंका है कि लुटेरों ने पहले से ही व्यापारियों की रेकी की थी और संभवतः वे स्थानीय भी हो सकते हैं।

## रीवा/सतना की खबरें

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खजुहा में हुआ बाबडी उत्सव




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बावड़ियों का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व उनकी पर्यावरणीय उपादेयता के कारण था। भू-जल स्तर को सामान्य बनाये रखने में यह बेजोड़ है। किन्तु अब बावड़ियों का अस्तित्व मिटता जा रहा है। ऋग्वेद, उपनिषद और जातक कथाओं से लेकर पुराणों तक भारतीय संस्कृति की प्रकृति संरक्षण सम्बन्धी चिरन्तन धारा विद्यमान है। भारतीय मनीषियों ने प्राकृतिक शक्तियों को देवता स्वरूप माना है। सूर्य, चन्द्रमा, वायु, अग्नि वगैरह देव हैं और नदियाँ पवित्र देवियाँ। पृथ्वी माँ है। वृक्ष देवों के वास-स्थल हैं। कुएँ, तालाब और बावड़ियों के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व हैं। पशु-पक्षियों को देवताओं का वाहन बनाकर इन्हें श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। यह उदगार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा खजुहा कला धाम में स्थित मंदिर परिसर में आयोजित बाबडी उत्सृव कार्यक्रम में पर्यावरणविद रामकृष्णु जी ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि दस कुओं के समतुल्य एक बावड़ी है। दस बावडियों के बराबर एक तालाब है। दस तालाबों के सदृश्य एक पुत्र है और दस पुत्रों के समान एक वृक्ष होता है। जरूरत होने पर भी लोग हरे वृक्ष को नहीं काटते थे। बाबडी उत्सव कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जन अभियान परिषद के संभाग समन्वपयक प्रवीण पाठक ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला व विकासखंड मुख्यालयों में जहॉ पर बाबडी स्थित है उनके संरक्षण की मुहिम संचालित की गई है। इसी अनुक्रम में जिलें में ग्राम खजुहा व रायपुर कर्चुलियान के ग्राम मनिकवार में स्थित हनुमान बाबडी में बाबडी उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने बाबडी उत्सव आयोजन के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से शासन द्वारा समाज को जल संरक्षण व प्राचीन जल संरचनाओं के संवर्धन का महा अभियान संचालित किया जा रहा है।

### प्रभारी तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के मध्य कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कार्यालयीन कार्य एवं प्रशासनिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पदस्थ प्रभारी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन किया है। बी.के. पटेल प्रभारी तहसीलदार को मऊगंज के साथ नईगढ़ी तहसील का आहरण संवितरण अधिकारी बनाया गया है। उमाकांत शर्मा प्रभारी सहायक भूअधीक्षक को प्रभारी नायब तहसीलदार देवतालाब के साथ तहसील मऊगंज के वृत्त सीतापुर एवं रतनगवां का, श्यामलाल मोगरे नायब तहसीलदार को हनुमना के वृत्त पहाड़ी का, नीरज कुमार दुबे नायब तहसीलदार नईगढ़ी को वृत्त खर्रा एवं रायपुर का तथा वैशाखूलाल प्रजापति प्रभारी नायब तहसीलदार को तहसील हनुमना के वृत्त खटखरी का दायित्व सौंपा गया है।

### नायब तहसीलदार हनुमना कार्यमुक्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के नायब तहसीलदार सौरव मरावी का स्थानांतरण शासन द्वारा सिवनी जिले के लिए किया गया है। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने नायब तहसीलदार श्री मरावी को नवीन पदस्थापना में पदभार ग्रहण करने के लिए भारतमुक्त करने के आदेश दिए हैं।

### देवलाताब में सहायक ग्रेड-तीन निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने उप तहसील देवतालाब में पदस्थ सहायक ग्रेड-तीन अजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने, अनुशासनहीनता एवं पदीय दायित्व के निर्वहन में उदासीनता के आरोप में सहायक ग्रेड-तीन को निलंबित करते हुए मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हनुमना नियत किया गया है।

### रतहरा-कोष्टा में होगा वृक्षारोपण, बनेगा पाथ वे व साइकिल ट्रेक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा तेजी से बढ़ता हुआ शहर है यहाँ अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ ही पर्यटकों व शहर वासियों के लिये सुकून भरे पल बिताने के उद्देश्य से विभिन्न पर्यटन स्थल पार्क विकसित किये जा रहे हैं। इसीक्रम में क्योंटी मुख्य नहर के किनारे रतहरा-कोष्टा में वृक्षारोपण किया जायेगा साथ ही पाथवे व साइकिल ट्रेक भी बनेगा। जहां शहरवासी सुबह शाम टहल सकेंगे व सुरम्य वातावरण में सुकून के पल बिता सकेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रतहरा नहर के किनारे 3 किमी क्षेत्र में बनाये जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर नहर के किनारे आरसीसी सड़क का निर्माण करायें तथा सड़क के किनारे सघन वृक्षारोपण कराकर पाथवे व साइकिल ट्रेक का निर्माण करायें। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन सहित नगर निगम, सिंचाई विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को दे रहा उन्नत खेती का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**रीवा और मऊगंज जिले में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों को उन्नत खेती का संदेश दे रहे हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मऊगंज जिले के ग्राम बहेरा, जोधपुर तथा गेरूआरी सेंगरान में आयोजित शिविर में किसानों को मिट्टी परीक्षण तथा उन्नत बीजों की जानकारी दी गई। रीवा विकासखण्ड में ग्राम मगुरिहाई, रौसर तथा खैरा में शिविर लगाए गए। इनमें किसानों को विधि से धान की रोपाई, पैडी ट्रांसप्लांटर के उपयोग, नरवाई से खाद बनाने तथा मिट्टी परीक्षण कराकर प्रत्येक खेत का मृदा हेल्थ कार्ड बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। इन शिविरों में सरपंच संतोष सोहगौरा, सरपंच संगीता कुशवाहा, सरपंच गीता प्रजापति तथा 172 किसान शामिल हुए। किसानों को कृषि वैज्ञानिक द्वारा कीट प्रबंधन, बीजों के उपचार, अन्न की खेती, डॉ अम्बेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना एवं सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी गई।

### संभागीय दलों ने जल गंगा संवर्धन अभियान में निभाई सहभागिता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभाग के सभी जिलों में जारी जल गंगा संवर्धन अभियान की निगरानी के लिए कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों के 6 दल तैनात किए हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों का लगातार निरीक्ष्ज्ञण किया जा रहा है। दल क्रमांक 5 ने सतना जिले के बहेलिया घाट, रूहिया एवं ग्राम पंचायत पाल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र तथा बहेलिया घाट में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर तथा रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया गया।

## बेंगलुरु भगदड़- आरसीबी अफसरों की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की रोक

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अफसरों को 16 जून तक गिरफ्तारी से राहत दे दी है। एफआईआर ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर कराने की मांग की थी। कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को केएससीए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं, विपक्ष की तरफ से लगातार इस्तीफे की मांग पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने केस दर्ज किया। विपक्ष न्यायिक जांच की मांग कर रहा था। हमने उसके भी आदेश दिए। अफसरों को सस्पेंड किया। सरकार और क्या कर सकती है। बेंगलुरु में 4 जून को मची भगदड़ में 13 साल लड़की सहित 11 लोगों की मौत हो गई थी। 33 घायल हो गए थे। यह घटना बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर की विक्ट्री परेड के दौरान हुई थी, जहां 3 से 4 लाख क्रिकेट फैंस खिलाड़ियों को देखने आए थे।

## 20 दिन में कोरोना केस 93 से 5364 हुए

नई दिल्ली (एजेंसी) ।देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं। कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15 दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1-1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर ही रहकर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है।

## कांग्रेस ने पूछा-ऑपरेशन सिंदूर क्या ट्रम्प के दबाव में रोका

नई दिल्ली (एजेंसी) ।कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने रूस के अमेरिका की एंट्री से भारत-पाक जंग रूकने के दावे पर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किए हैं। रमेश ने पूछा कि क्या ऑपरेशन सिंदूर को अमेरिका के दबाव में रोका गया? कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? क्या अमेरिकी दबाव में भारत ने युद्ध रोका ताकि व्यापार समझौते हो सकें?

# मुयमंत्री बावड़ी उत्सव में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से समिलित हुए

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बूंद सहेजे बावड़ी पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश-प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयाँ छू रहा है।



उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उज्जैन देश-विदेश के लिए मानसिक शांति, आध्यात्म, वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-इंदौर नवीन फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा। मां क्षिप्रा को कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वच्छ, निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है। इससे सिंहस्थ स्नान मां क्षिप्रा के स्वच्छ जल से हो होगा। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवीन क्षिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। सभी सुविधा श्रद्धालुओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश, जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू-जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में अरेस्ट

जालंधर (एजेंसी)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल को कनाडा की सरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गिरफ्तारी किस केस में हुई है। 12 अक्टूबर 2024 की रात को बाबा सिद्दीकी की मुंबई में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था कि बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड स्टार सलमान खान के करीबियों में था। इसी वजह से उसे मारा।

## पीएम ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया

श्रीनगर (एजेंसी)। पीएम मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और



कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए।

## राहुल गांधी रायबरेली के बार्बर मिथुन से मिले

रायबरेली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान रायबरेली में राहुल गांधी की दाढ़ी-बाल काटने वाले मिथुन फिर सुर्खियों में हैं। 5 जून को मिथुन नई दिल्ली में राहुल गांधी के घर पहुंचे और उनसे मुलाकात की। इस दौरान राहुल ने मिथुन की बेटी शिवांशी को गोद में उठाया, चॉकलेट-चिप्स खिलाए। उनके पूरे परिवार के साथ फोटो भी खिंचवाई। मिथुन लालगंज बैसवारा के रहने वाले हैं। राहुल सर ने खुद अंदर बुलाकर हालचाल लिया मिथुन बताते हैं- मैं दिल्ली में रहने वाले अपने साढ़ू मनीष के साथ राहुल गांधी से मिलने गया था। मेरे पास न तो राहुल गांधी का पता था और न ही कोई सीधा संपर्क। लेकिन जब हम दिल्ली पहुंचे, तो मनीष की मदद से उनके घर तक पहुंच गए। हम गेट पर पहुंचे और सिक्योरिटी गार्ड को अपने बारे में बताया। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड ने अंदर सूचना दी। इसके करीब 15 ही मिनट बाद मुझे परिवार के साथ अंदर से बुलावा आ गया। बेटी को चॉकलेट खिलाई, गोद में उठाया राहुल गांधी ने मिलते ही मुझे पहचान लिया। मेरी दुकान, परिवार और कामकाज के बारे में पूछा। उन्होंने मेरी डेढ़ साल की बेटी शिवांशी को गोद में उठाया और चॉकलेट-चिप्स दिए।

## उद्धव ने राज ठाकरे के साथ आने के संकेत दिए

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन के संकेत दिए। उद्धव ने गठबंधन की ताजा अटकलों के बीच कहा कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा।

हालांकि, उद्धव ठाकरे ने इस सवाल को टाल दिया कि क्या उनकी पार्टी और मनसे के बीच किसी तरह की बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के मन में कोई भ्रम नहीं है।

राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे बनाई थी। महाराष्ट्र में इस साल सितंबर तक निकाय चुनावों होने की संभावना है। 2024 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना



(यूबीटी) और मनसे के खराब प्रदर्शन के चलते दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तेज है।


## शिलांग गए कपल के परिजन का पीएम मोदी को पत्र

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की जा रही है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने दैनिक भास्कर को बताया कि उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। रघुवंशी समाज ने इस मामले में इंदौर कमिश्नर दीपक सिंह को ज्ञापन सौंपा है। 2 जून को राजा का शव मेघालय के चेरापूंजी के पास सोहरारिम की एक घाटी में मिला, जबकि उनकी पत्नी सोनम अब भी लापता हैं। उसे ढूंढने के लिए सर्च अभियान जारी है। दंपती पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में हनीमून मनाने गए थे। दोनों को आखिरी बार 23 मई को देखा गया था। विपिन रघुवंशी ने बताया, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। यह पत्र आयुक्त कार्यालय में जमा किया गया है। हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों हमारा समर्थन करें, ताकि राजा को न्याय और सोनम को तलाशने में मदद मिल सके। जिस तरह से मेघालय पुलिस इस मामले की जांच कर रही है शिलांग से वापस आए भाई विपिन रघुवंशी ने बताया, शिलांग में सब कुछ ठीक नहीं है। वहां कई संवेदनशील मामलों को दबाया जा रहा है।

## विदेश दौरे से पंजाब लौटे आप सांसद मित्तल

**चंडीगढ (एजेंसी)।** करीब पांच देशों के लोगों को ऑपरेशन सिंदूर में भारत की भूमिका बताने के बाद पंजाब के राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल दिल्ली पहुंच गए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने रूस, स्पेन, ग्रीस, लातविया और स्लोवेनिया का दौरा किया, जहां हमने सांसदों, थिंक टैंक और मीडिया से मुलाकात की। वहां पाकिस्तान ने दुष्प्रचार किया था कि भारत ने हम पर हमला किया और नागरिकों को मारा। हमने उस संदेह को दूर किया। वे इस बात से संतुष्ट थे कि प्रतिनिधिमंडल अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम था।

मित्तल ने कहा कि हमने सभी देशों को बताया कि पहलगाम में आतंकियों ने हमारे 26 से अधिक लोगों को मारा था। उसकी एवज में हमने कोशिश की थी कि



पाकिस्तान कार्रवाई करे, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हमारे पास कोई विकल्प नहीं रह गया था। इसके बाद भारत ने खुद पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को खत्म किया। सात मई को भारत ने प्रहार कर आतंकियों को खत्म किया।

## बीजापुर में मुठभेड़...25 लाख का इनामी नक्सली ढेर

बीजापुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली भास्कर (45) को भी मार गिराया है। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। जवानों ने भास्कर के शव के साथ ही ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। कोमाराम भीम (एमकेबी) डीवीसी का सदस्य और सचिव था। आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। इसके पहले 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर भी मारा गया है। सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था। आंधप्रदेश के चिंतापालुदी गांव का रहने वाला था। वहीं दंतेवाड़ा में 2 इनामी समेत 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी (50 हजार इनामी), दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम (50 लखन मरकाम, रातू उर्फ ओठे कोवासी, सुखराम पोड़ियाम और पंडरू राम पोड़ियाम शामिल हैं।

# चंडीगढ़ में 11 राज्यों के बिजली मंत्रियों की बैठक

चंडीगढ़ (एजेंसी)। अगस्त 2025 तक सभी सरकारी दफ्तरों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी कॉलोनियों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लग जाएंगे। पहले भुगतान करो, बाद में सेवा पाओ।

इसके बाद यह व्यवस्था अन्य उपभोक्ताओं पर लागू होगी। दूसरे चरण में कमर्शियल हाई वोल्टेज और उद्योगों को शामिल किया जाएगा। चंडीगढ़ में 11 राज्यों और केंद्र शासित




प्रदेशों के बिजली मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक करीब छह घंटे चली। इसमें बिजली आपूर्ति से जुड़े हर मुद्दे पर रणनीति तैयार की गई है।

बैठक में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बिजली मंत्री शामिल हुए ।बिजली मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है।

## बिहार समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बिहार समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 17 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी राजस्थान, तमिलनाडु और पुडुचेरी में गर्मी-उमस की आशंका है।

राजस्थान के 8 जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 12 जिलों में गुरुवार को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश में शुक्रवार को लगातार 42 वें दिन आंधी-बारिश का अलर्ट है। भोपाल-इंदौर समेत 45 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। इधर, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में गुरुवार को लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड के हालात बने रहे। असम के 21 जिलों में करीब 7 लाख लोग प्रभावित हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर में घायल बिहार का जवान शहीद

**बक्सर (एजेंसी)।** बिहार के बक्सर के रहने वाले जवान सुनील सिंह यादव (46) शहीद हो गए हैं। उधमपुर आर्मी अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार शाम को उनका निधन हो गया। बक्सर के चौसा प्रखंड निवासी हवलदार सुनील सिंह यादव का पार्थिव शरीर आज यानी शुक्रवार शाम तक उनके पैतृक घर



पहुंचेगा ।सुनील सिंह ऑपरेशन सिंदूर के तहत कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। 9 मई की रात पाकिस्तानी ड्रोन हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल होने के बाद उनका प्राथमिक इलाज किया गया। लेकिन, हालत बिगड़ने के बाद 15 मई को एयर लिफ्ट कर उधमपुर सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के 21वें दिन गुरुवार की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। सुनील सिंह के पत्नी और बच्चे उधमपुर में ही हैं।

## यूपी में सेना के लड़ाकू हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

सहारनपुर (एजेंसी)। यूपी के सहारनपुर में सेना के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे पायलट ने यमुना नदी किनारे जोधेबांस गांव के बाहर मैदान में लैंडिंग कराई। कुछ देर में सेना और पुलिस के जवानों ने इलाके को घेर लिया। हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। आधे घंटे बाद सहारनपुर के सरसावा एयरपोर्ट से मदद के लिए दूसरा हेलिकॉप्टर आया। करीब एक घंटे की मरम्मत के बाद तकनीकी खामी को दूर किया फिर



हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी। आसपास के गांवों से लोग हेलिकॉप्टर देखने पहुंचे थे। अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर भारतीय सेना का एक लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष ऑपरेशनों और दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

अपाचे हेलिकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स से नियमित अभ्यास उड़ान पर था। हवा में तकनीकी खराबी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हेलिकॉप्टर में कोई विस्फोट या अन्य दुर्घटना नहीं हुई है। यह एक कंट्रोल्ड व सेफ लैंडिंग रही।

# 30 सितंबर से खेला जाएगा महिला टी20 विश्वकप -आईसीसी

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि महिला टी20 विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी के अनुसार इसमें कोलंबो को अतिरिक्त तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले अकेले ही इसकी मेजबानी करने जा रहा था पर अब इसके मैच बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए शामिल किया गया है ताकि यहां पाकिस्तान के मुकाबले हो सकें। इस साल की शुरूआत में ही चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत भारतीय टीम ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा कि यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। गौरतलब है कि भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में होगा। वहीं फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में मेजबान भारतीय टीम के अलावा गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें इसमें भाग लेंगी।

# लीग क्रिकेट के प्रति आकर्षित होकर समय से पहले संन्यास ले रहे खिलाड़ी

**मम्बई (एजेंसी)।** जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन ने टी20 लीग में खेलने अचानक ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उससे ये संकेत मिल रहे हैं कि भविष्य में क्रिकेट में भी क्लब कल्चर आयेगा। मैक्सवेल और क्लासेन से पहले भी कई अन्य खिलाड़यों ने भी ऐसा ही किया है। इसमें वेस्टइंडीज के सबसे अधिक खिलाड़ी हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम बेहद कमजोर हो गयी क्योंकि दिग्जज खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की जगह लीग क्रिकेट को प्राथमिकता देने लगे। खिलाड़ियों इस बदलाव के पीछे व्यक्तिगत प्राथमिकताएं, वित्तीय लाभ, और खेल की बढ़ती व्यावसायिकता शामिल हैं। पहले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ही देश के बजाए फ्रेंचाईजी क्रिकेट को अधिक वरीयता दे रहे था पर अब इनमे कई और देशों के खिलाड़ी भी शामिल होने लगे हैं। न्यूजीलैड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन सहित कई खिलाड़ियों ने केन्द्रीय अनुबंध देने से हंकार कर दिया है। हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार विभिन्न देशों के 60 फीसदी सवे अधिक प्रमुख खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़कर केवल घरेलू फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने पर विचार कर रहे हैं. इसका मुख्य कारण लीगों में बेहतर वित्तीय अवसर और कम समय की प्रतिबद्धताएं हैं। इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्राथमिकता में कमी और लीगों की बढ़ती लोकप्रियता देखी जा रही है। जिस उम्र में



खिलाड़ी सन्यांस ले रहे है वो खेल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता रहा है।

खिलाड़ियों का यह रुझान अब फ्रेंचाइजी क्रिकेट की तरफ ज्यादा बढ़ रहा है जो खेल की संरचना में बदलाव का संकेत देता है कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने इसपर चिन्ता जतायी है, और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया है पर किसी भी देश के पास अपने स्टार खिलाड़ियों को रोकने के लिए कोई योजना नहीं है। खिलाड़ियों को केवल सेंट्रल अनुबंध देकर नहीं रोका जा सकता. मैक्सवेल और क्लासेन दोनों ने के संन्यास के कारण अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर के इस मोड़ पर व्यक्तिगत और पेशेवर कारणों का हवाला दिया है। .

क्लासेन ने 33 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने पारिवारिक समय और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को प्राथमिकता दी है हालांकि वह फ्रेंचाइजी लीगों में खेलते रहेंगे। इससे जो संकेत मिल रहे है कि उनको अगले कुछ सालों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट के तमाम अनुबंध हैं। मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के इस ऑलराउंडर ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया, ताकि वह 2026 टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर सकें और फ्रेंचाइजी लीगों में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर सकें। एविन लुईस वेस्ट इंडीज के इस बल्लेबाज ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहने का फैसला किया। उन्होंने विभिन्न लीगों में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई है.

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने 2021 में फ्रेंचाइजी क्रिकेट से संन्यास लिया था पर वह आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने 2021 में रिटायरमेंट लिया वह भी लीग क्रिकेट में सक्रिया हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सक्रिय रहे कम उम्र में जिस तरह से तमाम क्रिकेटर इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो रहे है उससे एक संकेत तो साफ है कि फ्रंचाइज क्रिकेट का बाजार और उसकी चमक धमक खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य के संकेत दे रही है और सभी देशों के क्रिकेट बोर्ड उन्हें रोक नहीं पा रहें हैं।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की। जोकोविच के अलावा, वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

जोकोविच की फ्रेंच ओपन में 101वीं जीत 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में तीसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपनी 101वीं जीत दर्ज की है। 38 साल के जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। दोनों के बीच अब तक 8 मुकाबले हुए हैं, जिनमें स्कोर 4-4 है। पिछले तीन मैचों में सिनर ने जीत हासिल की है इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को 1 घंटे 49 मिनट में 6-1, 7-5, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने ग्रैंड स्लैम में अपनी लगातार 19वीं जीत दर्ज की है और वह अब नोवाक जोकोविच के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलेंगे। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गौफ ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन मेडिसन कीज को हरा दिया है। उन्होंने कीज को 6-7(6), 6-4, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में गौफ का मुकाबला फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी लोइस बॉइसन से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा और तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सभी को चौंका दिया है।

# कुलदीप की वंशिका से सगाई हुई

**लखनऊ (एजेंसी)।** क्रिकेटर कुलदीप यादव ने अपने बचपन की दोस्त वंशिका से लखनऊ में सगाई की है। एक भव्य समारोह में सगाई का ये कार्यक्रम हुआ। सगाई सामारोह में कुलदीप ने जहां ऑफ वाइट रंग काएम्ब्रॉडरी वाला कोट पहना था। वहीं वंशिका नारंगी रंग के लहंगे में बेहद सुंदर नजर आ रही थी। एक रिपोर्ट के अ अनुसार वंशिका एलआईसी में काम करती हैं। कुलदीप ने कुछ समय पहले अपनी शादी को लेकर कहा था कि वह किसी बॉलीवुड अभिनेत्री से शादी नहीं करेंगे। उन्होंने तब कहा



था, 'आपको जल्द ही खुशखबरी मिलेगी पर मेरी होने वाली बीवी कोई अभिनेत्र नहीं होगी। वह मेरी और मेरे परिवार की देखभाल करने वाली होगी।

आईपीएल के इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कुलदीप ने 14 मैच में कुल 15 विकेट लिए थे। वहं पिछले सत्र में उन्होंने 11 मैच में 16 विकेट लिए थे। 18वें सीजन की शानदार शुरुआत करने के बावजूद कुलदीप की टीम प्लेऑफ में क्वालीफाई नहीं कर पायी थी। अब कुलदीप भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर जाएंगे।

# धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अब दूसरी बार घर बसाने की तैयारी में लगते हैं। धवन ने हाल ही में 69 करोड़ का एक अपार्टमेंट भी लिया है जिससे इन अटकलों को बल मिलता है। आयशा मुखर्जी से तलाके बाद आजकल शिखर धवन आजकल आयलैंड की सोफी शाइन के साथ रिलेशनशिप में हैं। धवन को कई जगहों पर सोफी के साथ देखा गया था। शुरुआत में उन्होंने अपनी रिलेशिप को जाहिर नहीं किया था पर हाल ही मैं उन्होंने अफेयर की बात मानी है। धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें धवन समंदर किनारे अपनी सोफी का जन्मदिन मनाते दिख रहे हैं।

धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सोफी के साथ एक रिजॉर्ट से तस्वीरें शेयर की हैं। शिखर और सोफी की तस्वीरों पर प्रशंसकों ने तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कई प्रशंसकों ने सोफी को हैप्पी बर्थडे भाभीजी कहकर बधाई दी है। धवन की पोस्ट पर बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने भी सोफी को बर्थडे विश करते हुए लिखा, 'हैप्पी बर्थडे ब्यूटीफुल।' वहीं सोफी शाइन ने इस कमेंट के रिप्लाई में जैकलीन को जवाब देते हुए कहा, 'थैंक्यू एंजल।'धवन ने अपने पोस्ट के साथ लोकेशन शेयर नहीं की थी पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करके उनकी इस जगह का खुलासा कर दिया है। वॉर्नर ने शिखर के पोस्ट में कमेंट किया कि फिजी काफी अमेजिंग लग रहा है दोस्त।' इससे पता चलता रहा है कि धवन सोफी के साथ दक्षिण प्रशान्त महासागर के मेलानेशिया मे एक द्वीप देश फ़िजी गए हैं।

# योगराज सिंह बोले- श्रेयस के कारण हारा पंजाब

**जालंधर (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने श्रेयस अय्यर को पंजाब की हार का जिम्मेदार बताया है। वहीं, चेयरमैन अरुण धूमल ने बेंगलुरु भगदड़ मामले पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में पंजाब किंग्स की हार पर पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह का बयान आया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को फाइनल में मिली हार के लिए केवल एक व्यक्ति जिम्मेदार है, और वह है कप्तान श्रेयस अय्यर। जब भी वह खेला है, उस समय पंजाब की टीम जीती है। फाइनल में पीछे कोई खेलने वाला नहीं था। आपने छक्का मारने के चक्कर सब बिगाड़ दिया। योगराज सिंह ने आगे कहा- भारत में दो ही प्लेयर युवराज सिंह और महेंद्र सिंह धोनी थे, जिन्होंने 92 हारे मैचों को जिताया। युवराज का 98 प्रतिशत विनिंग रेट है। इन्हें कहते हैं प्लेयर। उधर, बेंगलुरु में विक्ट्री परेड में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत पर पंजाब के जालंधर पहुंचे इंडियन प्रीमियर लीगके चेयरमैन व सदस्य अरुण धूमल ने दुख जताया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को घटना वाले कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं थी। हमने तो पूरा सेलिब्रेशन अहमदाबाद स्टेडियम में ही करवा दिया था फिर वहां इतनी भीड़ कैसे आई? कर्नाटक के ष्टरूसिद्धारमैया खुद वहां पर मौजूद थे।

# विराट से बल्ला पाकर खुश नजर आये रजत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में पहली बार खिताब जीतने से अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बेहद खुश नजर आये। विराट की खुशी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी टीम के कप्तान रजत पाटीदार को एक बल्ला उपहार में दिया। इसका एक वीडियो भी आया है इसमें जिसमें इन दोनों की दोस्ती और एकदूसरे के प्रति सम्मान और प्यार झलकता है। यह वीडियो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के ड्रेसिंग रूम का है। इसमें रजत अपने किटबैग के पास अकेले बैठे हुए हैं। वहीं दूसरे छोर पर कुछ साथी खिलाड़ी हैं। टीम में लंबे समय तक रहे दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी वहीं थे। इस दौरान विराट वहां घूमते हुए अपने कप्तान की तारीफ करते हैं। विराट इसके बाद अपने किटबैग के पास आते हैं। वे एक बल्ला उठाते हैं और अपना स्टांस लेते हैं। रजत ये देखते हुए अंदाजा लगाने लगे कि क्या होने वाला है। वह समझ जाते हैं कि शायद उन्हें बल्ला मिल सकता है। तब वे कहते हैं कि जिससे खेलते हैं वो वाला। इसपर विराट वह बल्ला रजत की ओर उछाल देते हैं। वहीं रजत भी इसे वैसे ही प्यार से पकड़ते हैं।




# भारत से पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इस टीम में जेमी ओवरटन को मौका मिला है। वहीं, गस एटकिंसन चोट के कारण टीम में नहीं चुने गए हैं। ओवरटन तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून 2025 से हेडिंग्ले, लीड्स में शुरू होगा। इस मैच के साथ ही इंग्लैंड और टीम इंडिया के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे साइकिल की शुरुआत होगी। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जोश टंग, क्रिस वोक्स। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड में इंडिया-ए टीम से जुड़ गए हैं। वे 6 जून से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट से पहले टीम में शामिल हुए।

राहुल भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का भी हिस्सा हैं। इंग्लैंड के लिए टीम इंडिया के बाकी मेंबर्स 6 जून को मुंबई से रवाना होंगे। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 20 जून से शुरू होगा।

# गंभीर बोले- वर्ल्डकप जीतने पर भी रोडशो नहीं करना चाहिए

**मुंबई।** टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा है- वर्ल्ड कप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए। ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा है क्योंकि लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है। मैं 2007 वर्ल्ड कप जीत के बाद भी नहीं चाहता था कि रोड शो हो। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले गुरुवार को मुंबई में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा- बेंगलुरु में रोड शो के दौरान हुए हादसे ने दुखी किया। मैं घटना के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराता। इस तरह के माहौल में लापरवाही और हादसों की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए इनसे बचना चाहिए।% बुधवार को बेंगलुरु में ऋष्टक्क के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। पढ़ें पूरी खबर



स्टेडियम में फ्री पास से एंट्री। पास आरसीबी की वेबसाइट से लेने थे। बुधवार को यह घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वेबसाइट विजिट करने लगे तो साइट क्रैश हो गई। पास पाने वालों के साथ ही बिना पास के लोग भी स्टेडियम पहुंचे। इससे भीड़ का अंदाजा नहीं हो सका।

प्रारंभिक जांच के मुताबिक भीड़ ने स्टेडियम में घुसने के लिए गेट नंबर 12, 13 और 10 तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। नाले पर रखा स्लैब ढह गया। हल्की बारिश के बीच भगदड़ मच गई।

दोपहर लगभग 3ञ्30 बजे भीड़ और बढ़ी तो सभी गेट बंद कर दिए गए। इससे पास वाले भी अंदर नहीं घुस पाए। हंगामा शुरू हो गया। गेट नंबर 10 पर स्थिति ज्यादा बिगड़ी। पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को पीछे धकेला, कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। सरकार ने कहा- 5 हजार सुरक्षाकर्मी थे, लेकिन भीड़ बहुत थी। इसलिए विक्ट्री परेड नहीं हो सकी। सूत्रों के मुताबिक इनमें से ज्यादातर पुलिसकर्मी 36 घंटे से ड्यूटी पर थे।

**गौतम गंभीर की 4 बड़ी बातें-**

रोहित-कोहली की गैरमौजूदगी पर꞉ गंभीर ने कहा, %युवा प्लेयर्स के पास इंग्लैंड में खुद को साबित करने का अच्छा मौका है। हमारे पास क्वालिटी प्लेयर्स हैं, जो इस दौरे पर बेहतर कर सकते हैं। हमारा ध्यान क्लीन स्वीप पर नहीं है, हम मैच जीतने पर फोकस कर रहे हैं।%

बुमराह की फिटनेस पर꞉ भारतीय कोच ने कहा, %बुमराह को रिप्लेस करना मुश्किल है, लेकिन हमने उनके बिना चैंपियंस ट्रॉफी भी खेली। जिसमें दूसरे प्लेयर्स ने खुद को साबित किया। इसलिए इंग्लैंड दौरे पर भी नए प्लेयर्स के पास बेहतर प्रदर्शन करने का मौका है।%

इंग्लैंड में प्रदर्शन पर꞉ %टेस्ट मैच तभी जीते जाते हैं, जब आप 20 विकेट लेते हैं। आप हजार रन बना सकते हैं, लेकिन उससे जीत नहीं मिलती। 5 दिन का मैच जीतना है तो 20 विकेट लेने ही होंगे। प्रेशर हमेशा रहेगा, लेकिन हमें देश के लिए पॉजिटिव रिजल्ट देने पर ही ध्यान देना है।

बेंगलुरु हादसे पर꞉ मुझे नहीं लगता कि वर्ल्ड कप जीतने के बाद भी रोड शो करना चाहिए क्योंकि लोगों की जान सबसे ज्यादा जरूरी है।

## लोकनिर्माण विभाग द्वारा 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# 'विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग'

### राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान 8 से 10 जून तक




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर विभाग के पर्यावरण हितैषी नवाचार एवं ग्रीन टेक्नोलॉजीस पर केंद्रित 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर गतदिवस कार्यशाला का आयोजन हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अब केवल भौतिक निर्माणों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल संरक्षण, हरित तकनीकों के उपयोग और पारिस्थितिकी संतुलन को अपनी कार्यप्रणाली में प्राथमिकता से शामिल करेगा। उन्होंने विभाग की पर्यावरणीय सोच और भविष्य की कार्यनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण में समरसता ही सतत विकास का मार्ग है। मंत्री सिंह ने कहा कि "लोक निर्माण से लोक कल्याण" केवल एक नारा नहीं बल्कि विभाग की बुनियादी कार्यनीति है, जिसमें अब पर्यावरणीय संतुलन भी स्वाभाविक रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण अब हर अभियंता की जिम्मेदारी है। मंत्री सिंह ने बताया कि विभाग अब सड़क किनारे रिचार्ज बोर का निर्माण कर रहा है, जिससे वर्षा जल को भूगर्भ में पहुंचाकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज किया जा सकेगा। मंत्री सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग एक जुलाई को एक लाख पौधे लगाएगा। यह अभियान स्कूलों में चल रहे 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' से भी समन्वित होगा। मंत्री सिंह ने आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए 8 से 10 जून तक राज्यव्यापी सड़क निरीक्षण अभियान चलाने की घोषणा की। इसमें सभी अभियंता सड़कों की स्थिति, जलभराव, गड्ढों और रखरखाव की जरूरतों का आकलन करेंगे। रिपोर्ट 11 जून मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों को अब केवल भौतिक अधोसंरचना तक सीमित न रखते हुए पर्यावरण संरक्षण को उसका अनिवार्य अंग बनाया जाना चाहिए। लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्रीय मुख्यालय रीवा में विंध्य रिट्रीट रतहरा में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत एम.पी.आर.डी.सी., एम.पी.बी.डी., एन.एच., लो.नि.वि. भवन, लो.नि.वि. सड़क/पुल के लगभग दो सौ अभियंता कार्यशाला में शामिल हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रीवा परिक्षेत्र में 5000 पौधे लगाने एवं 50 लोक सरोवर निर्मित किए जाने का संकल्प लिया गया। परिक्षेत्रीय कार्यशाला में मुख्य अभियंता (भवन) एस.सी. वर्मा, मुख्य अभियंता (बी/आर) संजय खांडे एवं मुख्य अभियंता (बी/आर) आर.एल. वर्मा द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रशिक्षण की तकनीकी, सामाजिक एवं पर्यावरण से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया तथा उपस्थित अभियंताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सुधीर शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किया गया।

## कियोस्क-संचालक को ठगने वाले दो साइबर ठग यूपी से गिरफ्तार



### 2 फोन और 40 हजार नकद जब्त, सतना-रीवा में 10 को बनाया शिकार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में हुई साइबर ठगी के मामले में गुरुवार को दो साइबर ठगों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

सतना में हुई साइबर ठगी के मामले में गुरुवार को दो साइबर ठगों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मामले का खुलासा किया। आरोपियों ने कियोस्क सेंटर संचालकों को अपना निशाना बनाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक ओप्पो और एक वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल तथा 40 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। केशव नगर के कियोस्क संचालक त्रिवेणी प्रसाद वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने कहा- दोनों ट्रेन से सतना पहुंचे और बाइक किराए पर लेने की कोशिश की, लेकिन जब सतना में बाइक नहीं मिली, तो रीवा में ऑनलाइन सर्च कर एक बाइक किराए पर ली। वहां से वे सतना लौटे और अपराध की योजना बनाई। आरोपियों ने बताया कि वे जिस जिले से बाइक किराए पर लेते हैं, वहां अपराध नहीं करते, ताकि उनकी पहचान उजागर न हो।

24 मई को दोपहर करीब 1 बजे एक व्यक्ति त्रिवेणी की दुकान पर आया। उसने खुद को पवन कुमार सिंह बताया। उसने पहले 1 हजार रुपए का लेनदेन किया। इस दौरान उसने संचालक का फोन पे पिन देख लिया।

कुछ देर बाद पवन वापस आया। उसने कहा कि पिछला ट्रांजेक्शन फेल हो गया है। फिर उसने त्रिवेणी प्रसाद का मोबाइल मांगा। संचालक उसे अपना फोन देकर अन्य ग्राहकों में व्यस्त हो गया। इस दौरान आरोपी ने फोन पे से 60 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए और फरार हो गया।

पूछताछ में आरोपियों ने सतना और रीवा के 8-10 कियोस्क संचालकों से ठगी करना कबूल किया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में लाखों की ठगी का खुलासा हो सकता है। घटना के समय एक अन्य आरोपी दुकान के बाहर खड़ा था।

ठग पहले कैश से भरा बैग दिखाकर दुकानदार का विश्वास जीतते थे। इसके बाद वे 2 हजार रुपए ट्रांसफर करवाने के लिए कहते थे और पैसे नकद देते थे। इसमें से 1 हजार रुपए एक खाते में ट्रांसफर करवा लेते थे। ट्रांसफर के दौरान वे दुकानदार की आईडी, पासवर्ड या पैटर्न देख लेते थे। बाकी 1 हजार देकर कहते थे कि थोड़ी देर में वापस आकर फिर से ट्रांसफर करवाएंगे।

## रीवा पुलिस ने पकड़ी नशे की खेप, बाइक छोड़कर आरोपी फरार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पुलिस ने बाइक से ले जाई जा रही नशे की खेप को पकड़ा है। हालांकि तस्कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से बाइक सहित 140 शीशी नशीली कप सिरप जब्त की है और बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों को ट्रेस कर तलाश की जा रही है। यह कारवाई सिटी कोतवाली पुलिस ने बीती रात धोबिया टंकी स्थित हरिजन बस्ती में की। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर के मुताबिक मुखबिर से मिली सूचना पर धोबिया टंकी स्थित हरजन बस्ती में घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को रोका गया। कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

## श्रीजी कॉलोनी में एक साथ टूटे पांच घरों के ताले, लाखों की चोरी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर की हाईप्रोफाइल श्रीजी कॉलोनी में एक साथ तीन घरों में चोरी की वारदात सामने आई है। कॉलोनी के मकान नंबर 95, 100, 102, 103 और 108 में चोरी हुई है। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में 25 लाख से ज्यादा की चोरी की आशंका जताई जा रही है। चोर सोने-चांदी के जेवर, नकदी और कीमती सामान ले उड़े। टीआई हितेंद्रनाथ शर्मा, एडिशनल एसपी विवेक लाल, एडिशनल एसपी आरती सिंह और सीएसपी रितु उपाध्याय मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कॉलोनी के मकान नंबर 95 में लगे एकमात्र सीसीटीवी कैमरे में पांच बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए कैद हुए हैं। बाकी घरों के बाहर कोई सुरक्षा इंतजाम या कैमरे नहीं थे। डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम के साथ पुलिस ने पूरे इलाके की बारीकी से जांच की। पुलिस को मौके से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर बदमाशों की तलाश तेज कर दी गई है।

## हादसे में 3 पीढ़ियों की मौत, कोई अंतिम संस्कार करने को नहीं बचा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में गुरुवार को सीमेंट सीट से लदा एक ट्रक ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। 4 की मौके पर ही जान चली गई जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। 2 लोगों की इलाज के दौरान सांसें थम गईं। 3 लोग अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। इस हादसे ने कई घर एक साथ उजाड़ दिए। एक परिवार में तीन पीढ़ियों की एक साथ मौत हो गई। दादा, माता-पिता और नाती-पोते एक ही जगह खत्म हो गए। जिससे बाकी परिजन सदमे में हैं। रामजीत जयसवाल, पत्नी पिंकी और इकलौती बेटी अंबिका के साथ ऑटो में सफर कर रहे थे। उनके पिता हीरालाल और बहन के बच्चे- मानवी और अरविंद जयसवाल भी साथ थे। तीन पीढ़ियों की एक साथ मौत के बाद घर में कोई अंतिम संस्कार करने वाला नहीं बचा है। वहीं गीता जयसवाल हादसे के बाद पूरी तरह टूट गई हैं। पोते-पोती को खोने के सदमे में उन्होंने खाना-पीना और बोलना तक छोड़ दिया है।

## रीवा में महिला थाने के बाहर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में महिला थाने के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर मार-पिटाई हुई। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। दरअसल मारपीट करने वाले एक ही परिवार के दो पक्ष बताए गए हैं। जानकारी के मुताबिक प्रीति यादव नाम की महिला ने अपने पति ज्ञानी यादव निवासी ग्राम अमदरा जिला मैहर के खिलाफ रीवा के महिला थाने में दहेज प्रताड़ना सहित अन्य मामलों की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर पुलिस ने मायके और ससुराल पक्ष को बयान दर्ज कराने गुरुवार को थाने बुलाया था। जब दोनों पक्ष बयान देने महिला थाने पहुंचे तो यहां उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। और देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मी ने बीच बचाव किया।

## मऊगंज में बड़े भाई ने छोटे भाई और उसकी पत्नी पर किया हमला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई और उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया है। गंभीर रूप से घायल दंपती को संजय गांधी अस्पताल रीवा में भर्ती कराया गया है। घटना नईगढ़ी थाना क्षेत्र के हरदी तिवरियान गांव की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी रामलाल यादव निवासी हरदी तिवरियान गांव और उसके छोटे भाई दशरथ लाल यादव के बीच जमीन को लेकर विवाद है। बीती रात रामलाल यादव अपने परिवार के साथ दशरथ लाल के घर पहुंचे। जहां पर जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर रामलाल ने छोटे भाई और उनकी पत्नी देवकली यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना की जानकारी तत्काल पीड़ित दशरथ लाल के बेटे शैलेंद्र यादव ने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी दशरथ के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## विकासखंडों में एक लाख पौधे रोपित करने की तैयारी, पौधों की सुरक्षा और देखभाल की व्यवस्था के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने वर्षाकाल में पौधारोपण के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी विकासखण्डों में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए तत्काल तैयारी शुरू कर दें। वन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा नगरीय निकाय पौधारोपण के लिए स्थान निर्धारित करके तत्काल गड्ढे खुदवाना शुरू कर दें। पौधों की किस्म का निर्धारण करके वन विभाग, उद्यानिकी विभाग अथवा अन्य एजेंसी को तत्काल पौधे क्रय करने के आदेश जारी कर दें। रोपित पौधों की सुरक्षा और उचित देखभाल की पूरी व्यवस्था करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा पोषण वाटिकाओं में पाँच हजार पौधे रोपित कराएं। इसमें मुनगा तथा अन्य फलदार पौधों को प्राथमिकता दें। जिला शिक्षा अधिकारी भी उन सभी स्कूलों में वृक्षारोपण कराएं जहाँ सुरक्षित भूमि उपलब्ध है। स्कूल परिसरों में 15 जुलाई तक पाँच हजार पौधे रोपित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम रीवा तथा अन्य नगरीय निकाय अमृत योजना के तहत शहर को हरा-भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण कराएं। विभिन्न विभागों और अशासकीय संस्थाओं को भी वृक्षारोपण के कार्य में सहभागी बनाएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनरेगा योजना से प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए प्रत्येक सीएफटी में ग्राम वन के प्रस्ताव तत्काल तैयार करें। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वसहायता समूहों से भी वृक्षारोपण कराएं। महिलाओं द्वारा रोपित पौधों को वायुदूत ऐप में भी दर्ज कराएं जिससे इनकी मॉनीटरिंग की जा सके। आजीविका मिशन कम से कम 50 हजार पौधे रोपित कराएं। आयुक्त नगर निगम शहर के प्रमुख स्थलों तथा प्रमुख मार्गों में एक लाख पौधे रोपित कराएं। रतहरा तालाब, दो प्रमुख नहरों के किनारे, लक्ष्मणबाग परिसर, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज तथा झलबदरी तालाब के किनारे बड़ी संख्या में पौधे रोपित कराएं।

बैठक में बताया गया कि वन विभाग द्वारा चार लाख 34 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगर निगम रीवा द्वारा एक लाख पौधे तथा जन अभियान परिषद द्वारा 15 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने नगर निगम द्वारा बनाई गई वृक्षारोपण की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। इसकी ब्लॉकवार तथा ग्राम पंचायतवार तैयारी की जा रही है। उद्यानिकी विभाग में 47 हजार फलदार पौधे उपलब्ध हैं। इनका विभिन्न विभागों द्वारा रोपण कराया जाएगा। बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, डीपीसी विनय मिश्रा, जिला समन्वयक आजीविका मिशन, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 6 जून को भोपाल से रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 7 जून को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री रीवा में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होकर रात 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रक्तदान शिविर आयोजन संबंधी बैठक 11 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आगामी 14 जून को जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर कार्यालय स्थित मोहन सभागार में 11 जून को शाम 4 बजे से आहूत की गई है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## पीके स्कूल के सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण करने के निर्देश

### उप मुख्यमंत्री ने रीवा के शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन कार्यों की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज मंत्रालय भोपाल में रीवा जिले में सांदीपनि विद्यालय और अन्य विद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पी.के. गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, रीवा को सांदीपनि विद्यालय के रूप में विकसित किए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विशेष चर्चा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि ऑडिटोरियम, खेल सुविधाएँ, फर्नीचर और अन्य निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से सेवाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की तकनीकी अड़चनों को त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर के समीपवर्ती क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों के प्रस्तावित उन्नयन कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्रता से पूर्ण कर प्रस्तावों को सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि रीवा शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के उन्नयन को प्राथमिकता से किया जाये, जिससे इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें शिक्षा हेतु शहर आने की असुविधा न हो। आयुक्त, स्कूल शिक्षा शिल्पा गुप्ता, पीआईयू, एवं एप्को के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जिला पंचायत सीईओ ने 25 लापरवाहों का काटा वेतन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने तथा अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर 20 उपयंत्री, रोजगार सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देकर उत्तर संतोषजनक न होने पर सात दिन का वेतन राजसात करने के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार उपयंत्री अजय पटेल धौंचट, उपयंत्री अशोक शुक्ला बहुरीबांध, उपयंत्री स्मिता तिवारी टीकर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण वास्तव तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह का वेतन काटा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत नईगढ़ी अनीष पाण्डेय, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मऊगंज अमित द्विवेदी, उपयंत्री रतनगवां खास ददन पाठक, उपयंत्री देवतालाब पवन गुप्ता तथा उपयंत्री कनकेसरा बैकुंठ शुक्ला का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री उमरी शिवेन्द्र मोहन तिवारी, उपयंत्री सीतापुर शोभनाथ साकेत, उपयंत्री महसांव महेश स्वर्णकार, उपयंत्री लक्ष्मणपुर लक्ष्मीकांत तिवारी, उपयंत्री अगडाल अरूण पटेल तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत रीवा रश्मि गौतम का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 9 लापरवाह ग्राम रोजगार सहायकों के भी सात दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा योजना तथा अन्य निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जिउला शुभम तिवारी, ग्राम रोजगार सहायक डिहिया नरसिंहपुर प्यारेलाल साकेत, ग्राम रोजगार सहायक पंचायत पड़िया अंजू सिंह, जीतेन्द्र रावत ग्राम रोजगार सहायक पुरैनी, रजनीश पाठक ग्राम रोजगार सहायक बम्हौरी, नीतू कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक करहिया नम्बर एक, लोकनाथ यादव ग्राम रोजगार सहायक सुपिया, श्रद्धा पाण्डेय ग्राम रोजगार सहायक शिवपुर्वा 601 तथा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत नौवस्ता वंदना शुक्ला के सात दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की है।

## वेटरनरी कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पशु चिकित्सा महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा शर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम एवं सायबर कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि पॉक्सो अधिनियम में बालक-बालिकाओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रावधान किए गए हैं और इस संबंध में सब को जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि बालक-बालिकाएं सुरक्षित रह सकें।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई, गुमटियां हटाईं, आठ वाहन और गैस सिलेंडर जब्त



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में चित्रकूट मार्ग पर स्थित कोठी तिराहे पर शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। राजस्व विभाग, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान यातायात में बाधा बन रहे ठेले हटाए गए, वहीं यात्री प्रतीक्षालय परिसर से 8 अनधिकृत वाहन जब्त कर थाने भेजे गए। इनमें से 3 वाहन बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के थे।

कार्रवाई के दौरान होटलों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की जांच भी की गई। दो सिलेंडर अवैध रूप से उपयोग में पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई एसडीएम राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में की गई। ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे, नगर निगम के अधिकारी सज्जन सिंह सेंगर, बालेंद्र गौतम और लक्ष्मी तिवारी मौके पर मौजूद रहे।

एसडीएम ने बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रही। इसका उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना, ट्रैफिक की सुचारू व्यवस्था करना और नगर का सौंदर्य सुधारना है। आने वाले दिनों में ऐसे अभियान अन्य इलाकों में भी चलाए जाएंगे।

## बर्थडे पार्टी में हुड़दंग, तीन युवक गिरफ्तार, युवतियों को भेजा घर



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना पुलिस ने राजेन्द्र नगर गली नंबर-10 में एक मकान में चल रही बर्थडे पार्टी पर छापा मारा। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार, यहां पार्टी की आड़ में अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं।छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके पर 6 युवक-युवतियां मिले। हालांकि तलाशी में कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस ने युवतियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

टीआई रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में राजेन्द्र नगर निवासी भोलू उर्फ विक्की (25), बाबूपुर-पतौड़ा का रजनीश कुमार (19) और कैथा-इटमा का पियूष दाहिया (19) शामिल हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी भोलू उर्फ विक्की पूर्व में भी देह व्यापार संबंधी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया था। जेल से रिहा होने के बाद वह पुनः इन अवैध गतिविधियों में शामिल हो गया था। सभी आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## मैहर में स्कॉर्पियो पलटने से दो लोग घायल, सतना जिला अस्पताल रेफर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**मैहर में शुक्रवार सुबह 6 बजे एक स्कॉर्पियो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हरनामपुर के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की बाउंड्री तोड़ते हुए पलट गई। हादसे में कार में सवार हाउसिंग बोर्ड मैहर निवासी बस संचालक शिवराज सिंह (27) और पुरानी बस्ती मैहर निवासी सचिन त्रिपाठी (27) घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायलों को कार से बाहर निकालकर अपने निजी वाहन से मैहर सिविल अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।